(2) Report of the Inspector of Explosives, South Circle, Madras into the explosion at Katpadi. [*Placed in Library. See* No. LT-361/57.]

(3) Report of the Inspector of Explosives, East Circle, Calcutta, into the explosion at Asansol. [*Placed in Library. See* No. LT-362/57.]

(4) Report of the Inspector of Explosives, North Circle, Agra, into the explosion at Kanpur. [*Placed in Library. See* No. LT-363/57.]

(5) A note indicating steps taken to eliminate possibilities of such explosions on Railways. [*Placed in Library. See* No. LT-364/57.]

Shri S. M. Banerjee (Kanpur): On that day when questions were put, the hon. Minister said that the matter of compensation to the victims will also be embodied in the report.

Mr. Speaker: The hon. Member will look into the report. The report is merely laid on the Table. We are not discussing it. The hon. Member will kindly look into it.

PROBATION OF OFFENDERS BILL

Mr. Speaker: The House will now take up further consideration of the following motion moved by Shri Datar on the 14th November, 1957, namely:

> "That the Bill to provide for the release of offenders on probation or after due admonition and for matters connected therewith, be taken into consideration."

Out of seven hours allotted for all stages of the Bill, 2 hours and 15 minutes have already been availed of, and 4 hours and 45 minutes now remain. Shri Shree Narayan Das may continue his speech.

श्री श्रीनारायण दास (दरभंगा) : पहले सप्ताह जब सदन आज के लिये स्थगित हुआ था, उस समय इस विधेयक पर विचार हो रहा था, जिसका उद्देश्य है कि अपराधियों को दण्ड देना स्थगित करके उन्हें निरीक्षण के लिये किसी अभिभावक की देख-रेख में छोड़ा जाये और उनके सुधार की व्यवस्था की जाये । अब दण्ड विधान के विशेषज्ञों में ऐसा विचार उत्पन्न हो गया है कि अपराधियों को जेल में भेजने के साथ साथ ऐसे भी उपाय किये जायें कि वे बाहर रह कर किसी सरकारी या गैर-सरकारी अभिभावक या समाज-सुधारक की देख-रेख में अपने जीवन में सुधार कर सकें और समाज के उपयोगी अंग बन सकें । अब वह समय नहीं रहा जब कि केवल बदला लेने के ख्याल से, या भय पैदा करने के ख्याल से अपराधियों को जेलखाने में रख कर डराया धमकाया जा सके । इसी भावना से प्रेरित हो कर केन्द्रीय सरकार ने यह विधेयक सदन के सामने रखा है । इस विधेयक के मुख्य दो अंश हैं । एक के द्वारा मजिस्ट्रेट या जज को यह अधिकार दिया जा रहा है कि वह अभियुक्त के अपराध पर विचार करते वक्त, उसके चरित्र और दूसरी सम्बद्ध बातों का ख्याल रख कर और उसने किस परिस्थिति में अपराध किया है, इस बात को ध्यान में रख कर, अगर मुनासिब समझे तो दण्ड देना स्थगित रख कर उसको किसी अभिभावक की देख-रेख में छोड़ दे । ऐसा कुछ शर्तों के अधीन और बांड लिखवा कर किया जायेगा । कुछ खास खास अवस्थाओं में, कुछ अपराधों के लिये, जिनके लिये दो वर्ष से कम की सजा है, उसको यह भी अधिकार दिया गया है कि वह अभियुक्त को तनबीह के साथ छोड़ दे । जैसा कि कुछ माननीय सदस्यों ने विचार प्रकट किया है, और अन्य लोगों का भी यह ख्याल है कि अगर हर एक अपराध में इस का व्यवहार किया जायेगा, तो समाज को खतरा होगा, इसलिये इस बात की आवश्यकता है कि इस बिल में ऐसा संशोधन किया जाय कि सभी अपराध इसके दायरे में न आयें ।

[श्री श्रीनारायण दास]

यद्यपि मैं इस बिल के सिद्धान्त का पूरी तरह से समर्थन करता हूं और चाहता हूं कि अधिक से अधिक अपराधों में इस कानून को लागू किया जाये, फिर भी वर्तमान अवस्था में मैं इस बात की आवश्यकता समझता हूं कि इस बात पर गम्भीरतापूर्वक विचार किया जाय कि कौन कौन से अपराध इस कानून के दायरे में लाये जायें, जिन में तनबीह के साथ अपराधी को छोड़ दिया जाये और किन में बालिग अपराधियों को बांड के साथ किसी अभिभावक के निरीक्षण में रखा जाये। यह जरूरी है कि इस विषय में पूरी तरह से छान बीन की जाय कि भारतीय दण्ड विधान के अन्तर्गत आने वाले किन किन अपराधों का इस विधेयक में समावेश किया जाये। माननीय सदस्य, पंडित ठाकुर दास भार्गव ने प्रस्ताव पेश किया है कि इस विधेयक को प्रवर समिति के सुपुर्द किया जाय। मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। जरूरत इस बात की है कि कुछ तजुर्बेकार सदस्य और दण्ड विधान के अनुभवी लोग इस पर गम्भीरतापूर्वक विचार करें कि जिन अपराधों के लिये इस विधेयक में समावेश किया गया है, क्या उनमें से किसी को हटाने की आवश्यकता है और अगर आवश्यकता हो, तो उन अपराधों को हटा दिया जाये।

मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि अपराधियों को निरीक्षण में रखने की जो पद्धति है, वह नई है और उसके विषय में हमारे देश में अनुभव नहीं है। दूसरे कुछ देशों में इसका अनुभव प्राप्त किया गया है, लेकिन उसकी पूरी जानकारी हमको नहीं है। इसलिये यह जरूरी है कि जरा सोच समझ कर कदम उठाया जाय : अगर सोच समझ कर कदम उठाया जायेगा, तो मेरा ख्याल है कि इस विधेयक का उद्देश्य बहुत अधिक पूरा होगा बनिस्बत उस अवस्था के कि बिना पूरी तरह विचार किये हुये तमाम अपराधों के लिये इस तरह की व्यवस्था कर दी जाय। इसलिये यह अच्छा होता कि माननीय मंत्री और यह सदन इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लेते कि इस विधेयक को प्रवर समिति में विचारार्थ भेज दिया जाये।

प्रोबेशन अफ़सरों की नियुक्ति का विषय भी बहुत महत्वपूर्ण है। अगर विभिन्न राज्यों में प्रोबेशन सर्विस की अच्छी व्यवस्था नहीं हुई, अच्छे अच्छे आफ़िसर प्रोबेशन आफ़िशर नियुक्त नहीं किये गये और सरकारी और ग़ैर-सरकारी समाज-सुधारकों का अच्छा संगठन नहीं हुआ, जो कि इस बिल के उद्देश्य को पूरा करने के लिये सरकार के साथ सहयोग करें तो जिस प्रकार इस विषय की क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की धारा ५६२ निकम्मी रही है और किसी भी राज्य में उसके अनुसार काम नहीं किया गया है, उसी प्रकार यह विधेयक भी निकम्मा हो जायेगा।

यद्यपि यह कानून हम केन्द्रीय संसद् में पास कर रहे हैं, लेकिन इसको कार्यान्वित करने का भार विभिन्न राज्यों पर पड़ने वाला है। यह पता नहीं है कि विभिन्न राज्यों का इस विषय में क्या ख्याल है। माननीय मंत्री ने इस सम्बन्ध में विचार प्रकट नहीं किये हैं कि किन किन राज्यों ने इस कानून को जल्द से जल्द लागू करने का विचार प्रकट किया है। उत्तर प्रदेश इस विषय में बहुत दिलचस्पी ले रहा है और अपराधियों को दण्ड देने के बजाय दूसरे उपायों से उनको सुधारने की कोशिश कर रहा है लेकिन दूसरे राज्य आगे नहीं बढ़े हैं। इसलिये इस बात की आशंका है कि शायद वह कानून पूरी तरह से लागू न हो सके। इसलिये मैं कुछ सुझाव माननीय मंत्री जी के सामने रखना चाहता हूं।

एक अच्छी और सुसंगठित प्रोबेशन सर्विस का संगठन किया जाय जिसमें सरकारी और ग़ैर-सरकारी लोग नियुक्त किये जा और उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाये

ताकि यह कानून पास होने के साथ साथ तमाम प्रान्तों में लागू किया जा सके। जैसा कि मैंने अभी कहा है यह विषय नया है और हमको इसका अनुभव कम है इसलिये जरूरत इस बात की भी है कि विभिन्न राज्यों के कार्य को सुसम्बद्ध रखने के लिये एक केन्द्रीय संस्था स्थापित की जाये जो कि समय समय पर राज्य सरकारों को इस सम्बन्ध में राय दे सके। अच्छा होता यदि केन्द्र में एक बिरकौंसिल बनाई जाती जिसका यह काम होता कि वह अपराधियों के सुधार के लिये व्यवस्था करे और केन्द्रीय एवं राज्य की सरकारों को इस विषय में परामर्श देती रहे।

संसार के अनेक देशों—संयुक्त राज्य अमरीका, स्वीडन, नारवे इत्यादि—में इस तरह के कानूनों की व्यवस्था है और वहां की सरकारों को इसका अनुभव है। अच्छा हो यदि जल्द से जल्द एक अन्तर्राष्ट्रीय गोष्ठी—सेमिनार—की जाय जिसमें अपराधी के साथ कैसा व्यवहार किया जाये और उसको कैसे सुधारा जाये इस पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विवेचना हो और उस गोष्ठी के निर्णयों पर केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारें विचार करें।

जेल सुधार के लिये जो प्रयत्न किये गये हैं वे अभिनन्दनीय है लेकिन अभी तक हमारे देश की जेल प्रणाली में वह सुधार नहीं हो पाया है जो कि होना चाहिये था। इस मामले में दूसरे देश हमसे आगे हैं। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि उन्होंने क्रिमिनालोजी के अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति के विशेषज्ञ मिस्टर रैकलेस को यहां पर बुला कर ठीक किया था लेकिन अब जरूरत इस बात की है कि संसार के सभी देशों के तमाम जेलों के सम्बन्ध में अनभव रखने वालों का एक सम्मेलन किया जाये और इस बात पर विचार किया जाये कि किस प्रकार आधुनिक ढंग से—मार पीट या डरा धमका कर नहीं—समाज में रख कर अपराधियों का सुधार किया जा सकता है।

अध्यक्ष महोदय, अधिक बोलने के लिये मेरे पास समय नहीं है। लेकिन एक बात मैं अन्त में कहना चाहता हूं और वह यह है कि इस वैज्ञानिक युग में अब वह समय आ गया है जब कि हमें साधारण से साधारण अपराध के लिये कड़ी से कड़ी सजा देना बन्द करना होगा। अब वह समय नहीं रहा जब कि हम डर दिखा कर या भय दिखा कर अपराधों को रोक सकते हैं। आज हम अपराधियों को खराब जीवन में नहीं रख सकते हैं, गन्दी स्थिति में नहीं रख सकते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि बराबर उन लोगों को यह अनुभव कराया जाय कि उनका सुधार हो सकता है। अब वह जमाना नहीं है जब कि लोगों को डराया जा सकता था। आज वैज्ञानिक युग है। इस युग में जैसे किसी शारीरिक बीमारी से पीड़ित लोगों का अस्पताल में दवाई दे कर इलाज किया जाता है उसी तरह से जरूरत इस बात की है कि जो लोग समाज के कानून को तोड़ कर चाहे वह नैतिक हो या दूसरी प्रकार का कानून हो समाज के खिलाफ काम करता है तो उनको समझाया जाना चाहिये कि वे मानसिक रूप से बीमार हे और जिस तरह से शारीरिक बीमारी से पीड़ित व्यक्ति का अस्पताल में इलाज किया जाता है उसी तरह से यह जो व्यक्ति है जो कि मानसिक रूप से बीमार है उसकी बीमारी का इलाज करने की जो व्यवस्था होनी चाहिये वह भी आधुनिक से आधुनिक तथा वैज्ञानिक होनी चाहिये। मैं समझता हूं कि यह जो विधेयक है यह स्वागत किये जाने योग्य है। मैं माननीय मंत्री जी को जिस उत्साह के साथ उन्होंने इसको पेश किया है उसके लिये बधाई देता हूं। लेकिन साथ ही साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि यह जब कानून बन जायेगा तो इसको चलाने की जो जिम्मेदारी है वह राज्य सरकारों की है। इनको केवल इसको पास करके

[श्री श्रीनारायण दासगुप्त]

ही सन्तोष नहीं कर लेना चाहिये बल्कि उनको यह भी देखना चाहिये कि राज्य सरकारें इसको अमल में भी लाती हैं। केन्द्रीय सरकार को ऐसा संगठन यहां पर स्थापित करना होगा जो कि बराबर विभिन्न राज्य सरकारों को इस कानून का परिपालन करते रहने के लिये प्रेरित कर सके। उच्च वैज्ञानिक तथा दूसरी तरह की जो प्रणाली हम जारी करने जा रहे हैं तथा जिसके अधीन हम अपराधियों को दण्ड देने की बात को स्थगित करके उनको किसी के निरीक्षण में रखने और उसके जरिये उनको समाज का एक लाभदायक प्राणी बनाने का आदर्श सामने रख रहे हैं मैं आशा करता हूं कि हमारे माननीय मंत्री उसको सफल बनाने में कोई भी कसर उठा नहीं रखेंगे।

इन शब्दों के साथ मैं निवेदन करता हूं कि इस विधेयक को प्रवर समिति को भेज दिया जाये।

Mr. Speaker: Before I call the next speaker, I would like to know one thing from the House. In view of the fact that there are only 4 hours and 45 minutes left, and we have spent about 2-1|2 hours the other day, and we have in all 7 hours for this Bill, we may go on till five o'clock today. We started at about 12-15 P.M. today. And 4 hours 45 minutes would mean that we go on with this up to 5 P.M. How shall we divide this time between the consideration stage and the clause-by-clause consideration?

Shri Sinhasan Singh (Gorakhpur): 2 hours more for the general discussion and the rest for the consideration of the clauses.

Mr. Speaker: There are as many as 83 amendments. Therefore, we may have 2 hours 45 minutes for the clauses.

Shri Easwara Iyer (Trivandrum): May I submit that the Business Advisory Committee has recommended that one more hour, if necessary, may be taken?

Mr. Speaker: No, no. I am not prepared.

Shri Easwara Iyer: This is a very important Bill. It is most important.....

Mr. Speaker: Everything is important.

Shri Brij Raj Singh (Firozabad): That is the recommendation of the Business Advisory Committee.

Mr. Speaker: I have always noticed this. A judge used to say that if within fifteen minutes or half an hour, an hon. Member or a lawyer is not able to convince the judge, he would not convince at all. Therefore, fifteen minutes to half an hour should be sufficient.

Shri Tyagi (Dehra Dun): You used to take longer time, I am sure.

Mr. Speaker: The hon. Member has forgotten the previous history.

So, 2 hours 45 minutes will be left over for amendments, and the balance of the time will be devoted to this. Hon. Members will try to take not more than half an hour at the most.

Pandit Thakur Das Bhargava (Hissar): This is an important Bill, and even half an hour will not be sufficient, if all the pros and cons are to be stated. I think more time should be allowed to Members. Previously, the practice was that in Bills, hon. Members used to take as much time as they liked.

Mr. Speaker: If one hour is taken during the consideration stage, then the same thing will be repeated on the clauses also. Therefore, hon. Members may divide the time between the consideration stage and the clause-by-clause consideration. So, the hon. Member will have an opportunity on the clauses also. We shall devote 2 hours and 45 minutes to the clauses.

Shri Tyagi: Clauses deserve better attention.

Mr. Speaker: Very good.

पंडित ठाकुर दास भार्गव : यह बिल उन चन्द बिलों में से एक है जो कि बहुत ज्यादा अहमियत रखते हैं और मैं तो यहां तक कहना चाहता हूं जितना क्रिमिनल प्रोसीजर कोड बिल जरूरी था उतना ही यह बिल भी जरूरी है । मैं यह चाहता था और अब भी मेरी यह ख्वाहिश है कि इस बिल को ला कमीशन के पास भेज दिया जाय । यह बिल, जो कि हर स्टेट के साथ ताल्लुक रखता है, इसके ऊपर पूरी राय जान लेनी चाहिये थी । इस बिल को न तो सर्क्युलेट किया गया है न इस पर पूरी राय ही ली गई है । जैसा कि आनरेबुल मिनिस्टर साहब ने फरमाया इसको चन्द स्टेट्स के पास भेजा गया था और इसमें भी मुझे डर है कि इसको इस शक्ल में उनके पास नहीं भेजा गया जिस शक्ल में कि इसको आज यहां पेश किया गया है । मैं समझता हूं कि जो स्टेट्स की राय ली गई है वह इसके उसूलों के बारे में ही ली गई है । मैं समझता हूं कि किसी आदमी को भी इसमें कोई एतराज नहीं होगा कि जो उसूल ५६२ में हैं या प्रोबेशनरी सिस्टम में हैं उनको अमल में लाया जाय या उन पर तजुर्बा किया जाये । जैसा कि मैंने कहा अगर यह बिल इसी शक्ल में स्टेट्स के पास गया होता तो मुझे यकीन है कि स्टेट्स भी इसके हक में राय न देती । मैं जानना चाहता हूं कि क्या इस बिल को सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के जजों, बार एसोसिएशंस और दूसरे रिस-पांसिबिल आदमियों के पास उनकी राय जानने के लिये भेजा गया है या नहीं । इस बारे में हमारे मिनिस्टर साहब ने कोई रोशनी नहीं डाली है । मैं तो इसी नतीजे पर पहुंचा हूं कि इसको न तो इन लोगों के पास उनकी राय जानने के लिये भेजा गया है और न ही रिसपांसिबल मैम्बर्स आफ दी कम्युनिटी के पास भेजा गया है । इस पर राय आम्मा को मालूम किये बगैर ही पेश कर दिया गया है और इसके खिलाफ़ मैं अपना अम्बल प्रोटेस्ट जाहिर करना चाहता हूं । मैंने दो मोशंस के नोटिस दिये हैं । एक तो सर्क्युलेशन की है और दूसरी सिलेक्ट कमेटी के सुपुर्द करने की । मैंने इन मोशंस को यों ही पेश नहीं कर दिया है । मैं इनके बारे में बड़ा सीरियस हूं । अगर माननीय मंत्री महोदय सर्क्युलेशन मोशन को मानना नहीं चाहते तो कम से कम सिलेक्ट कमेटी के सुपुर्द करने वाली मोशन को अवश्य मान लें । अगर हमने ऐसा न किया तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि बाद में इसके अन्दर से आपको इतनी खामिया मालूम होंगी कि कंट्री आपको माफ नही करेगा । खामियों को अगर छोड़ भी दिया जाये तो भी जो उसूल की चीज है उस पर भी पूरा गौर होना चाहिये —

Mr. Speaker: I would like to know from the Minister whether any opinions have been gathered from the country at large?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Datar): We had consulted the State Governments at two or three stages. This question was also considered by the Conference of the Inspectors-General of prisons and also by the Probation Officers' Conference. We have got all those things.

Pandit Thakur Das Bhargava: May I just ask one question of the Minister? He may kindly reply. Was this Bill sent to the State Governments, or only the principles of this question?

Shri Datar: Even this Bill was sent to the State Governments.

पंडित ठाकुर दास भार्गव : इस तरह का बिल हिन्दुस्तान की चन्द एक स्टेट्स में ऐटेन्युएटिड फार्म में मौजूद है । यह बिल उत्तर प्रदेश में है, बम्बई में है, बंगाल में है । अगर और भी किन्हीं स्टेट्स में है तो इसका मुझे इल्म नहीं है । मुझे तो लाइब्रेरी से इन तीन स्टेट्स के बिल ही मिले हैं । मैं

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

जानता हूं कि इन तीन स्टेट्स में किस तरह से इस पर अमल हो रहा है और होता रहा है। लेकिन यह जो बिल है यह उन बिलों के मुकाबिले में बहुत वसीअ है और इसको अगर कोई भी स्टेट कबूल करेगी बगैर इसकी इम्पलीकेशंस को जाने हुये तो उस स्टेट् में डिसास्टर होगा। मैं जो ये सख्त अलफाज इस्तेमाल कर रहा हूं, जान बूझ कर कर रहा हूं। बगैर इसकी इम्पलीकेशंस को जाने बूझे, मैं समझता हूं, इसको सारे हिन्दुस्तान में लागू नहीं करना चाहिये।

अब में बतलाना चाहता हूं कि इस बिल में और पुराने बिलों में आम तौर पर क्या फर्क है। पहला सवाल तो यह पैदा होता है कि अब तक देश के अन्दर दफ़ा ५६२ मौजूद है। उसके अन्दर एडमानिशन का जिक्र है। लेकिन यह उसूल कोई नया नहीं है। एडमानिशन का जिक्र ५६२ में भी है और प्रोबेशनरी बिल में भी है। इसको यहां मान कर हम कोई नई चीज को मानने नहीं जा रहे हैं। जिन स्टेट्स के अन्दर यह प्रोबेशन का बिल मौजूद है वहां यह इतनी छोटी फार्म में है, इतने संकुचित फार्म में है कि कुछ कहना ही नहीं। इस बिल के जरिये से हम बहुत ही जबर्दस्त जिम्मेदारी गवर्नमेंट आफ इंडिया पर डालने जा रहे हैं।

मेरे विचार में इस हाउस को यह देखना चाहिये था कि हम क्या करने जा रहे हैं और जो तबदीली हम आज करने जा रहे हैं उससे देश को क्या फर्क पड़ता है। मैं समझता हूं कि हम बहुत भारी तबदीली करने आ रहे हैं। इस जिम्न में मैं अर्ज करना चाहता हूं कि जो मसला है वह मसला ५६२ के अन्दर मौजूद है। लेकिन उसके अन्दर इस चीज को इतना फैलाया नहीं गया है। इस बिल में प्रोबेशन के उसूल को हम नये तौर पर पकड़ने जा रहे हैं। पहले यह उसूल बड़े ही संकुचित रूप में था। यहां पर क्लाज ४ में, जिस पर मैं बाद में आऊंगा, कहा गया है कि प्रोबेशन सिस्टम में एक सुपरवाइजर मुकर्रर होगा और वह इस तरह से कार्य करेगा जैसे कोई गार्डियन करता है या उसका मौनीटर हो। वह उसकी खबर रखेगा और वह खबर इस तरह की होगी जिस तरह से कि क्रिमिनल ट्राइब्स के ऊपर सुपरवाइजर मुकर्रर होते हैं। उस सुपरवाइजर की क्या पावर्स होंगी, उसकी क्या हैसियत होगी, उसका कुछ जिक्र दफा १६ में किया गया है जो कि नामुकम्मिल है। उस दफा १६ के अन्दर इसका जिक्र नहीं है कि उसकी क्या पावर्स होंगी, किस तरह से वह रिलीफ दे सकेगा उन लोगों को जो उसके गार्डियनशिप में जायेंगे। इन सब चीजों के बारे में यह बिल साइलेंट है।

जहां तक इसके अन्दर दूसरे सवाल आते हैं, मैं उनके बारे में बाद में अर्ज करूंगा। लेकिन पहले जो इसके लीगल एसपेक्ट्स हैं उनका मैं जिक्र करना चाहता हूं। बाकी चीजें फिर देखी जायेंगी। कम अज कम अगर लीगल ऐस्पेक्ट्स में कोई नुक्स है तो मुझे उम्मीद है कि आनरेबुल मिनिस्टर उनकी तरफ तवज्जह देकर कम से कम उनको दुरुस्त तो कर देंगे। यहां से ऐसा तो बिल बन कर जाये जो वर्कबुल हो।

मैं सब से पहले दफ़ा १७ और १८ की तरफ़ तवज्जह दिलाना चाहता हूं। दफ़ा १७ और १८ में जो इस बिल की हैं और उनमें जो लीगल प्वाइंट्स हैं उनकी तरफ तवज्जह दिलाना चाहता हूं।

दफ़ा १७ में लिखा है : "Nothing in this Act shall affect the provisions of section 31 of Reformatory Schools Act, 1897, or the Suppression of Immoral Traffic in Women and Girls Act, 1956, or of any law

in force in any State relating to juvenile offenders or borstal schools."

दफ़ा १८ में लिखा है : "Section 562 of the Code shall cease to apply to the States or parts thereof in which this Act is brought into force."

इसके मानी हुये कि कोड की दफ़ा ५६२ Suppression of Immoral Traffic in Women and Girls Act में जो ५६२ दफ़ा का हवाला है उसकी जद के अन्दर जो शख्स आयेंगे उनको जैसा उसी ऐक्ट में लिखा हुआ है डील किया जायेगा । ५६२ की दफ़ा की रू से हम इस तरह से उनको डील कर सकेंगे । अगर दफ़ा ५६२ को आप खारिज करते हैं तो मैं नहीं समझता कि सप्रेशन आफ़ इम्मॉरेल ट्रैफिक इन वीमेन में जो उसका प्राविजन है वहां उस ५६२ का क्या बनेगा ? इस वास्ते यहां दोनों एक दूसरे के मुखालिफ हैं । एक तरफ तो आप यहां पर ५६२ दफा को खत्म करते हैं और दूसरी तरफ उन ऐक्टस में इसको क़ायम रखते हैं जो मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि या तो आप दोनों जगह तबदीली कीजिये . . .

May I just have the attention of the hon. Minister? I am stating legal points and unless he hears them there is no chance of his accepting any of my amendments. I would respectfully request him to hear them.

Shri Datar: I shall hear all the points of my hon. friend, not only the legal points.

Mr. Speaker: Both of them are Ministers connected with the Home Ministry.

Pandit Thakur Das Bhargava: I do not doubt that. But I would kindly request him to hear my points.

In clauses 17 and 18 there is a conflict. In clause 17 it is said that this shall not affect the suppression of Immoral Traffic in Women and Girls Act. But if you consult that Act you will see that in certain sections it is stated that such and such persons will be subject to section 562 of the Code. If you do away with section 562 of the Code in those States how will you give effect to the provisions of the Act. The hon. Minister must either get it corrected or he may introduce something here that section 562 will ensure so far as this Act is concerned, and that clause 18 will not have any effect.

Another legal aspect. I have already submitted in regard to clause 16 that it does not deal with the powers of the Probation Officers. It is absolutely necessary. If you want to give effect to this Bill you must see that the powers are defined. The power to examine certain persons is absolutely necessary.

There will be many Probation Officers in one district because according to clause 11 you contemplate that in place of a Probation Officer another can be appointed. So, I understand there will be a good many Probation Officers in one district. They will have absolutely no connection with the courts except that they may go to court for getting certain concessions for those under them. At the same time, they will be under the District Magistrate. They will be appointed by the Court and yet the courts will have no authority over them. They will be subject to the District Magistrate. If there is any conflict between the Probation Officer and the Court, how will that be decided? I would like the appointing authority to have control over the Probation Officers also. That is not to be found there. We should see some nexus maintained between the Court appointing him and the future actions of the Probation Officer.

As regards the report of the Probation Officer. I would like the Minister to look at it from a rather more realistic view. Before final orders are passed, the Court must get the report of the Probation Officer.

[Pandit Thakur Das Bhargava].

'The Court shall get', these are the words. The person is before the Court. The Court has to pass a final order and before that the Court must be furnished with a copy of the report. How will that report be obtained? The man is in jail. The Probation Officer goes and takes evidance at his back. Supposing the man has committed 20 other offences, the Probation Officer will have to take evidence of all these and make a report behind the back of the person. After getting the evidence he will send the case to the Court.

I would beg of the hon. Minister to look at this question more closely. The Court has to pronounce a final order whether the person is guilty or not. The Court gets the report of the Probation Officer. The Court has not got watertight compartments in its head. The court is open to be influenced by the report this way or that. This is something entirely novel to judicial system. You get a report from the Officer. Before you adjudge the person as guilty or not you take this report into consideration. What is the nature of the Report? The Report of the Probation Officer is to be treated as confidential. This is absolutely mysterious. Confidential from whom? From the Police Officers or from the accused? I have never heard of any judicial system in which a report is to be kept confidential from the accussed as well as the prosecution. There is absolutely nothing in the Bill to say that the prosecution shall have it or know what the report is. So far as the accussed is concerned, there is some concession and it is said that the Court may, if it so thinks fit, communicate the substance thereof to the offender and may give him an opportunity of producing such evidence as may be relevant to the matter stated in the report. It is confidential. Yet it is made available. I have no objection. At the time when the report is made and when the witnesses are to come and make statements against him, he has no right to cross-examine. Subsequently, when the document is brought to the court, the court is invested with the discretion to make the confidential report available to him and he is allowed to produce rebutting evidence. Is it possible for any person to rebut the evidence given behind his back unless by producing those persons again and cross-examining them? That is impossible. How will it work?

Clause 7(2) says that the court shall call for a report from the probation officer and consider the report, if any, and any other information available to it relating to the character and physical and mental condition of the offender. I do not know wherefrom this information will come. Perhaps the persons interested in the accused or who are against the accused will make such information to the court.

The court has not pronounced the guilt or otherwise. At this stage you allow such information. It may be prejudicial to the accused or it may be very favourable to him. Such evidence may be cooked up by him or his relatives may come to the court without the prosecutor or the aggrieved person knowing anything of it or having any opportunity to rebut it. This information will also be there. There is provision for making the confidential report available to the accused. There is no provision for making that information available to the accused and giving him an opportunity to rebut it nor is the prosecution given an opportunity to rebut such favourable evidence.

Therefore, I say that this lacuna in the Bill spoils the entire Bill. What would happen to the provisions of the Evidence Act—Section 45. It says that the evidence of bad character is irrelevant unless evidence of good character is given and rebutted. That will no longer apply in a case of this nature. We are abrogating section 54 without even giving the House a chance to see whether it should be

allowed to stand because it has stood the test of time.

There is another section—section 15 —of the Evidence Act and we do not know whether you are enlarging the scope of that Section. My submission is this. There should be two judgments. I shall submit my solution to this question for the consideration of the hon. Minister but he shall have to take it to the Select Committee and the solution lies there. You make two parts of the order of the court. One will relate to the question whether a man is guilty or not. The second part should be, if he is found guilty, whether clause 3 or 4 should be allowed to come into operation. For that purpose, I can understand that the report of the probation officer may be useful and other evidence may be useful. But you say that he will not pass the final order before he takes the report into consideration.

Supposing I were a judge and I had come to know that in twenty cases, a person had misbehaved involved in cases of rape, I will certainly be influenced by his antecedents. I am bound to come to the conclusion that he is guilty while he may not be guilty in that particular case at all. After all it s human nature and there are no two compartments in the human brain to set apart for two different sets of things. It is impossible in practice. n the interest of justice alone, you nust see that the judgment is bifurated into two parts—judging the guilt ndependently on the evidence on ecord. That is one. Secondly, if you vant to give the advantage of clause or 4, proceed further and go on with he proceedings and decide whether he hould take advantage of this or not. f you give the benefit to a large numer of people in a large number of ases, you should see that the attenion of the magistrate is concentrated n this point: whether it is a fit case r not.

I have studied all these Acts in the arious States and I shall refer to one f them. One of these Acts says that rst of all you should decide the guilt. Subsequently, when you come to the second portion, you confine yourself to the report. The report is only called when he is found guilty. But if you call the report and find him guilty, you will be inflicting the greatest injury on the accused whom you want to serve.

That is one aspect of the legal question. There is again a principle of law. Should you have a provision like the one here which looks just and equitable but which reduces the crime from its present gravity to a mere commercialised thing. Clause 5(1) reads:

> "The court directing the release of an offender under section 3 or section 4, may, if it thinks fit, make at the same time a further order directing him to pay such compensation as the court thinks reasonable for loss or injury caused to any person by the commission of the offence and such costs of the proceedings as the court thinks reasonable"

The whole idea of the Government punishing the offenders is this. While it takes away the desire to take immediate revenge it is thought that the crime is against the community and not against particular persons. Therefore, the community comes in and punishes. But what are you doing? First of all, this provision is unprecedented and unheard of. It is something which I for one cannot in any way support. Are you going to recover some cost from the accused? What are these proceedings? Are they in court? Is the cost to be given to the aggrieved person because he engaged lawyers or he has called persons for evidence and so on? Is it the pay of the judges, the police and so on? What is the cost of the proceedings? I have not been able to understand. How will you determine? Is it the pay of the judge, or the public prosecutor or the police? Is there any meaning in saying 'the cost of the proceedings'? In one instance, you

[Pandit Thakur Das Bhargava].

want to help him and give him all the relief you are capable of. On the contrary you want even to recover from him what could not be recovered from any person. I have not seen such a provision in any law of any other country though I know that in these Probation Acts these words are there.

I take very strong exception to commercialising the crime and to take from the accused person the cost of the proceedings. Then, how will you determine? What will be taken? What will not be taken? I cannot also understand this compensation affair. This is too much for a criminal court to go into. Then there is compensation for loss or injury. Perhaps in every criminal case, the party injured is entitled in civil law to compensation. But this is not the usual custom for aggrieved persons to go after the accused and recover damages. Suppose a person is killed by another, in civil law he is entitled to compensation. If these cases are allowed to be brought, I do not know what will happen to our courts. Now, in respect of civil courts in so many cases, it will be very difficult to recover anything from the accused. If you make, at the same time, the criminal court as a court of adjudicating the amount of compensation and then recovering it, it will be an endless procedure, and you will be complicating criminal matters in such a way that you will not be able to get out of them.

Mr. Speaker: Is there no provision of law at present to give a portion?

Pandit Thakur Das Bhargava: To give a portion out of the fine; something can be given in proper cases. Supposing a robbery takes place at my house where thousands of rupees are taken away and there is a law like this making the Government pay the amount to me from the Treasury, I would be very happy. But here the court has to find out how much money is to be given. It is a question of compensation for damages.

Mr. Speaker: If it does not interfere with the civil remedy, what is the objection?

Pandit Thakur Das Bhargava: There is a civil remedy in every case, and I am not objecting to it. As a matter of fact, there should be a remedy and a person should be allowed to be recompensed. My only submission is that in every case if you are going to complicate matters like this, there will be evidences and the cases will be prolonged. You want that criminal procedure cases should be completed in two months, whereas it will take years and years here to find out the amount of compensation. Where the court imposes a fine it is not recovered and they proceed under sections 386 and 387. Here also the provisions are similar. Compensation will be determined and then action under sections 386 and 387 taken for years together. We know what is the procedure under the Criminal Procedure Code. If imprisonment is undergone by the accused in lieu of fine then no further proceedings should be taken. Therefore, the civil court remedy is there. Why should you complicate matters in this way?

So far as appeal provisions are concerned, which are contained in clause 10, they are not very clear to me. According to the present position, you know very well that an aggrieved person has practically no right of appeal. If the sentence is not to the satisfaction of the injured person, he has no right of appeal, he can only go in for revision. If the Public Prosecutor files an appeal within six months then the Government allows him to make an appeal. So far as revision is concerned, the revisional authority can only recommend to the High Court and the High Court can enhance the punishment if it so desires; otherwise the Appellate Court has no right of enhancing punishment on appeal. If you see clause 10 here, the real mean-

ing of the words is not clear. It says: in sub-clause (4):

> "When an order has been made under section 3 or section 4 in respect of an offender, the Appellate Court or the High Court in the exercise of its power of revision may set aside such order and in lieu thereof pass sentence on such offender according to law:"

If the Appellate Court is also given powers of revision, then I can understand. The Appellate Court can then set aside the order and just enhance the sentence also. I do not know if that is the meaning of the words here. I would very much like that to be the meaning, because I want in such cases, especially when there is a question of personal injury or offence relating to women where the person is satisfied only when the other person gets some punishment, there should be powers of revision. If the accused is let off with an admonition, so far as the aggrieved man is concerned the grievance will remain and he will wait for an opportunity to take revenge. In such cases the aggrieved person should be given some remedy. If the Appellate Court gets the power of revision, then it is all right, and I am satisfied to a certain extent.

So far as sub-clause (3) is concerned, it appears that even the power of revision has been taken away from him. This sub-clause says:

> "In any case where any person under twenty-one years of age is found guilty of having committed an offence and the court by which he is found guilty declines to deal with him under section 3 or section 4, and passes any sentence of imprisonment on the offender from which no appeal lies or is preferred, then notwithstanding anything contained in the Code or any other law, the court to which appeals ordinarily lie from the sentences of the former court may, either of its own motion or on an application made to it by the convicted person or the probation officer, call for and examine the records of the case and set aside the sentence and in lieu thereof make an order under section 3 or section 4."

It means that even the power of revision has been taken away, which is a very serious action. Either give him powers for appeal and powers of revision that he even now enjoys, or do not take away anything and do not give anything. In the present case, when an order is passed under this law the sense of wrong of the aggrieved person is bound to get added sensitiveness, because every person who is guilty gets off under an admonition or probation. That is a very serious matter.

So far as these legal questions are concerned, they are all of very great importance, and unless the matter is taken to a Select Committee all these matters will not be gone into. If we pass it here in a huff it will not be right for the country and the country will never excuse us for passing a measure of such an importance by sitting in this House and passing in few hours a Bill of this nature.

Let us look at this important question from another standpoint. I have here with me the Acts of Bengal, Madras and Uttar Pradesh. I am sorry I could not get others from the library. In all these three Acts only in cases of first offenders some concession is given, and not in the case of all offenders. This is a departure of very great importance. According to the present Bill, whether there is any conviction or not, according to clause 4 every person who may have even got ten convictions may take advantage of this probation. We are departing from the accepted rule which has been obtaining in this country for the last so many years. In all these Acts the Bill are known as "First Offenders Probation Bills". This departure by itself is a very great departure, and I do not know whether the country shall like it.

So far as I am concerned, I do not object to this Bill being enlarged on this subject. I would rather like that

[Pandit Thakur Das Bhargava]

the question of a person being a first offender should not be a pre-requisite for the application of the provisions of clauses 3 and 4. At the same time, the country is not ripe for it. Whatever may be my personal opinion, I like the provision in clause 4 and I congratulate the hon. Minister for having brought it forward, and having taken away the question of first offenders. I do not think it is the fundamental right of every citizen to be let free unpunished on the first offence. That impression will be wrong. Therefore, in proper cases, even in very bad cases involving the highest punishment, if the circumstances are such that admit of the case being treated under Section 562, I would rather like every case being so treated.

Mr. Speaker: Order, order. The hon. Member may resume his seat. How long will the Minister take for his reply?

Shri Datar: 30 minutes to 45 minutes.

Mr. Speaker: We started at 12.15. Pandit Thakur Das Bhargava has already taken 36 minutes and the Minister wants 45 minutes. There are about ten or eleven Members who want to speak, even though I propose restricting their number to six or seven. It was suggested by Shri Easwara Iyer that the time for this Bill may be extended by an hour. I have no objection to it, if the House is willing to sit till six o'clock.

Some Hon. Members: Yes.

13.00 hrs.

Mr. Speaker: Therefore, the time for discussion will be extended by one hour: instead of till 2.15, we shall carry on til 3'15. Pandit Thakur Das Bhargava is exhausting all the sections for the benefit of the whole House. So far as the other Members are concerned, they will not take more than fifteen minutes, each.

Shri V. P. Nayar (Quilon): Is it a justification for his taking longer time?

Mr. Speaker: An hon. Member ought not to repeat himself and also not repeat what others have said. Therefore, if Panditji exhausts everything there will be little or nothing for others to say. Therefore, I expect others would not take more than ten minutes, or fifteen minutes at the most. How many minutes more, does the hon. Member want?

Pandit Thakur Das Bhargava: I would gladly submit to whatever suggestion comes from you, because whatever is in the interest of the debate is to the benefit of the whole House. I would certainly resume my seat and not speak a word more, if that is your wish.

But in a Bill of this nature, the previous rule was that any Member could take any time and if there was any repetition, the Chair would stop him.

Mr. Speaker: May I make a suggestion? What is the harm if this Bill goes to Select Committee. All hon. Members, and I am sure the Government, are interested in seeing that this is made a workable measure. We understand the spirit in which it was brought forward, but it should be made workable in practice. What is the harm, if after a week we take it up?

Shri Naushir Bharucha (East Khandesh): The Bar Associations should also be consulted.

Mr. Speaker: The hon. Member is a sufficiently good representative of the Bar Associations. One-third of our Members are lawyers; therefore, we need not refer it to Bar Associations; it will be practically dilatory. The House can consider the report of the Select Committee when it comes after a week and dispose of it. Much of the spade work can be done in the Committee. I have gone through the amendments tabled by Members. The Indian Penal Code is a measure which has not been adversely commented upon all these years from 1860. The Criminal Procedure Code has been amended. Unlike the civil law which

has undergone so much of change, nobody has interfered with the Penal Code. So long as this is a kind of departure, would it not be better to refer it to a Select Committee. There are several hon. Members who are interested in this subject and who have bestowed some thought on it. The hon. Minister may consider whether it would not be desirable to refer it to a Select Committee.

Shri Sinhasan Singh: We shall take it next session.

Shri Naushir Bharucha: This is a very important piece of legislation. Let it be thoroughly discussed. My submission is that one week is too short a time for the Select Committee to report on. It is very necessary that Bar Associations must be consulted and their point of view ascertained.

Mr. Speaker: The hon. Member is an eminent member of the Bar. In any Bar Association, it is only one or two people who read the Bill. I consider hon. Members who have come to this House equally authoritative, if not more.

Shri Sinhasan Singh: I submit this Bill may be taken up next session. We are making a vital departure, as the hon. Member who was just now speaking, pointed out. This measure requires thorough study. What is the hurry about passing it so soon?

Mr. Speaker: What is the hurry for this Bill? I do not want, sitting here, to make any suggestion which will embarrass Government. Having regard to the importance of the Bill, why should it not be circulated?

Shri Datar: Circulation will take a number of months and the matter will not come up soon; it will take one more year.

Some Hon. Member: No, No.

Shri Datar: But I am considering the question of a Joint Committee.

Mr. Speaker: May I make one more suggestion. After reference to Joint Committee, Government itself may place before the House such of those opinions which it has gathered. I will get them printed for the benefit of the House.

Shri Datar: Does circulation and appointment of a Joint Committee go together? That will not.

Mr. Speaker: Circulation motion cannot go with Joint Committee motion. Joint Committee is one thing. In the meanwhile, Government itself can in many cases send it for opinion and place it before the House.

I shall make myself clear. Reference to Select or Joint Committee is independent of circulation; when once it is referred to a Committee, circulation motion will disappear. The Committee will take some time; it may not come back in the same session. In the meantime, before the Committee finalises its conclusions, Government itself may send it to the various High Courts to gather opinion from bar associations. I am not making this a condition.

Shri Datar: My difficulty will be this. The Joint Committee may meet some time after the session and the report may come before the House during the next session. If, for example, the matter is referred to the Bar Associations and High Courts, they will take at least two or three months and then the Bill may go to the June or July session.

Mr. Speaker: Government may write to them that the opinions should be submitted expeditiously. If they send their opinions well and good; if they are indifferent to us, we shall be indifferent to them.

Shri Datar: Then we shall not have the advantage of their opinions.

Mr. Speaker: Does not matter.

Shri Narayanankutty Menon (Mukandapuram): The Joint Committee can invite the opinions of Bar Associations and other bodies.

Mr. Speaker: It will take time. I want to avoid time being taken, so that this matter may be disposed of in the next session.

Pandit Thakur Das Bhargava: Supposing we pass it in the next session, what is the harm? There are three months yet.

Mr. Speaker: I am anxious that we get the opinions of the Bar Associations and others early. Immediately the measure is referred to a Committee, I am particular that Government itself should take sufficient steps to get the opinions. If they get them well and good; if not, the Committee will proceed with its work.

The hon. Member may proceed. We will conclude at 3-15. The Joint Committee motion will be made in the meanwhile.

Pandit Thakur Das Bhargava: I thank you very much for having interceded on behalf of the country in an important matter. I also thank the hon. Minister of State of Home Affairs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair.*]

मैं चेयर का और साथ ही आनरेबिल होम मिनिस्टर साहब का, जिन्होंने ऐसी रीजनेबिल एटीट्यूट दिखलायी है, शुक्रिया अदा करता हूं, लेकिन मैं एक छोटी सी अर्ज फिर भी किये बगैर नहीं रह सकता।

उपाध्यक्ष महोदय : और ये सब आपका शुक्रिया अदा करते होंगे।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : यह आपकी मेहरबानी है। जो कुछ हम करते हैं उसमें हमको ब्लैसिंग पहले ही मिल जाता है।

तो मैं यह अर्ज करना चाहता था कि जो स्टेट्स की ओपीनियन आती है वह भी एक आदमी की ही ओपीनियन आती है . . . .

Shri N. R. Munisamy (Vellore): Let him proceed in English. He was speaking in English, he should continue in English.

Pandit Thakur Das Bhargava: I began in Hindi.

Mr. Deputy-Speaker: He began in Hindi; switched over to English because there were some legal points; now he is resuming his old language.

Shri Narayanankutty Menon: Shall we make a request, because the hon. Member is very competent to speak in English.

Mr. Deputy-Speaker: Therefore, he should not speak in Hindi? If he is very proficient in English, then he has the privilege to speak in English or Hindi. I cannot compel him to speak in English.

Shri V. P. Nayar: Nobody questions his right. I appeal to him.

Mr. Deputy-Speaker: That is an appeal to him; he has to respond, not I.

An Hon. Member: Let him proceed in Hindi.

Pandit Thakur Das Bhargava: My difficulty is this. Some of my friends want that I should speak in English, though I do not wish to speak in English. I have got no mastery over the English language, which is foreign. There are other friends who want me to speak in Hindi. I would prefer to speak in Hindi. But, if friends are very insistent, I would never think of not obliging them.

Mr. Deputy-Speaker: If it is difficult for the hon. Member to weigh the insistence on both sides—

Pandit Thakur Das Bhargava: Therefore, I should prefer these requests being cancelled. I should prefer to speak in Hindi.

तो मैं यह अर्ज कर रहा हूं ये देदी हैं। अभी गवर्नमेंट्स ने इस के हक में राय दी कि कई स्टेट यह सवाल भी उठाया गया कि बार एसो-

सिर्देशन्स की राय भी पूछी जानी चाहिए तो स्पीकर साहब ने फरमाया कि बार एसोसियेशन्स में भी एक दो आदमी ही काम चलाते हैं । यह स्टेट गवर्नमेंट की राय भी चीफ सेक्रेटरी या होम मिनिस्टर की राय होगी । हो सकता है कि यह उन की जाती राय हो । लेकिन में अदब से अर्ज करूंगा कि उनकी जाती राय में और एक क्रिमिनल प्रैक्टीशनर की जाती राय में फर्क होगा और उसकी राय ज्यादा ठीक होगी क्योंकि उसको रोजमर्रा का तजर्बा है ।

Shri D. C. Sharma (Gurdaspur): Are practitioners criminal?

Mr. Deputy-Speaker: They often come into contact with them as we do here.

Shri Datar: Without becoming one.

पंडित ठाकुर दास भार्गव : तो मैं अदब से अर्ज करूंगा कि यह जो सवाल है वह ऐसा सवाल नहीं है जिनको प्रोफेसर साहिबान टैकिल कर सकें । यह दुनिया की तजुर्बेकारी व प्रेक्टिस का सवाल है ।

मैंने चन्द मामले कानून के अर्ज किये जनाब की खिदमत में । मुझे उम्मीद है कि अगर यह मामला ज्वाइंट कमेटी के सामने गया तो वे नकायस दूर हो जायेंगे । लेकिन जो असली मामला है उसकी तरफ में तवज्जह दिलाना चाहता हूं आज हिन्दुस्तान की हालत यह है कि एक बूढ़ी औरत आकर होम मिनिस्टर साहब के सामने वही अर्ज कर सकती है कि जो एक बूढ़ी औरत ने सुबुक्तगीन के सामने अर्ज किया था, यानी यह कि अगर आप किसी इलाके का इन्तिजाम नहीं कर सकते हैं तो उस के उपर हाथ न डालिये । आज मध्य प्रदेश में, उत्तर प्रदेश में और राजस्थान में ला एंड आर्डर की क्या हालत है ? वहां दिन दहाड़े डाके पड़ते हैं और उनका कोई इन्तिजाम नहीं हो पाता । कल अखबार में मैंने पढ़ा था कि डाकू एक सेठ के लड़के को ले गये और उसको छोड़ने के लिए ५ लाख रुपया मांगते हैं । इस तरह के ४११ अमवात, हमारे चीफ मिनिस्टर ने बतलाया है, अकेले पंजाब में हुए हैं । इसलिए मैं चाहता हूं कि प्राविन्सेज की बार एसोसियेशन्स की राय मालूम की जानी चाहिए । हमारे भरूचा साहब को चौथाई सेंचुरी का तजर्बा है और मुझे भी कोई आधी सेंचुरी का तजर्बा है यह मिलाकर ही तीन चौथाई सेंचुरी हो जाता है । मैंने देखा है कि अगर कोई किसी के दादा को मारता है तो उसके पोतों तक से बदला लिया जाता है । जो लोग बाहर से यहां आये हैं वे इस बात को शायद न जानते हों । मैंने तो खुद इस किस्म के मुकदमे किये हैं जिनमें १२ बरस बाद तक कत्ल का बदला लिया गया है । अभी एक महीना हुआ कि एक मुकदमा आया जिसमे १६ बरस हुए एक शख्स ने एक दूसरे शख्स की मा के एक लाठी मार दी थी । उस आदमी ने जिसकी मां के लाठी मारी गयी थी उस मारने वाले को कत्ल कर दिया उसके दो बेटों को कत्ल कर दिया और दो औरतों को जख्मी कर दिया । इस लिए मैं अदब से अर्ज करूंगा कि कानून देश के हालात के मुताबिक बनना चाहिए । आप अमरीका और विलायत के पीछे मत जाइये वहां रिफार्म का उसूल डेटेरेंसी से ज्यादा बढ गया है । हमारे देश मे ऐसी हालत नहीं है । अभी हम हिन्दुस्तान में डेटेरेंसी के उसूल को इस कदर नहीं बदल सकते ।

मैं अदब से अर्ज करूंगा कि जो कानून आप बना रहे हैं मैं उसके लिए आपके नेक इरादों को दाद देता हूं । आप चाहते हैं कि मुजरिम का रिफार्म हो । एक आदमी जिसने जुर्म किया है उसको बतौर एक मरीज के देखा जाये । अगर कोई आदमी किसी लालच की वजह से कोई जुर्म करता है तो इसकी यह वजह है कि उसकी सारी जिन्दगी ऐसी रही है कि उसकी वजह से वह क्रिमिनल हो गया । वह जिस हालत में रहा है उसकी वजह से वह एक तरफ चलता है और वह उस जुर्म के लिए जिम्मेवार नहीं कहा जा सकता । इसलिए सोसाइटी जो कि उसकी जिम्-

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

के लिए सजा देना चाहती है वही उसको सुधारने के लिए भी जिम्मेदार है । लेकिन हमको हालात को देखकर ही कोई कदम उठाना चाहिए । मेरा कोई साल डेढ़ साल के अर्से तक जेल के मामले से ताल्लुक रहा । मैं ईस्ट पंजाब जेल कमेटी का चेयरमैन था । इस हैसियत से मैंने बहुत से पंजाब के जेलों को जाकर देखा, इत्तिफाक से मै पार्लियामेंट के डेलोगेशन के साथ विलायत गया तो मैंने वहां के जेल इस खयाल से देखे कि हम अपने यहां क्या रिफार्म कर सकते हैं । मैं ने वहां बहुत से बोर्स्टल जेल भी देखे । मुझे ऐसा मालूम होता है कि हमारी सरकार ने इस मामले में जरूरत से ज्यादा उजलत की है । उसके पास जो सेंटीमेंट का मजमूआ है उसने उसको मजबूर किया कि चाहे आप अनरियलिस्टिक हो जायें पर जो आप देश के भले के लिए ठीक समझते हैं उसे करें । लेकिन अगर आप अनरियलिस्टिक होंगे तो जो आप चाहते हैं वह नतीजा नहीं निकलेगा क्योंकि जो दवा एक खास मरीज के लिए है वह आप हर मरीज को देना चाहते है । आज देश के अन्दर वह हालात नही है जो कि विलायत में हैं ।

जब मै विलायत गया तो मैंने वहां के बोर्स्टल जेल देखे । मैंने देखा कि एक जेल के सुपरिन्टेन्डेंट ने किस तरह मेरे सामने कैदियों की दरख्वास्तो का फैसला किया । उसने एक घंटे में ३० या ४० दरख्वास्तों को ओरल फैसला कर दिया और वही मामले ते कर दिये । लेकिन उनकी दरख्वास्तें ऐसी नहीं थी जैसी कि हमारे यहां होती हैं जिनमें बहुत सारे झगड़े रहते है, जैसे कि किसी को नमक नही मिला, किसी को कपड़ा नहीं मिला वगैरह । वहां तो मुजरिम इस तरह की दरख्वास्तें करते हैं कि हमको फलां इंस्टीट्यट में भेज दिया जाये, हमको फलां मशीन में काम करने के लिए भेज दिया जाये ? मैं देख कर हरान रह गया कि हमारे मुल्क में और उस मुल्क में कितना फर्क है । मैंने वहां लड़कों को बोर्स्टल जेलों में खेल के मैदानों में देखा । जब उनको खेलने के लिए छोड़ा गया तो मैंने उनको इतना खुश देखा कि मैंने अपनी उम्र में इतना खुश छोड़े जाने वाले जानवरों तक को नहीं देखा । वे लड़के इस तरह से छलांगें मारते हुए खेलने के लिए आ रहे थे कि मैं देख कर हैरान हो गया । मैंने सोचा कि एक आजाद मुल्क में वे लड़के जिनको जरायम में कैदी करार दिया गया है वे भी कितने खुश है । लेकिन वहां के हालात मुख्तलिफ हैं, यहां के हालात मुख्तलिफ हैं । यहां पर वैसे बोर्स्टल जेल कहां हैं ? जो किताब आनरेबल मिनिस्टर ने मुझे पढ़ने को दी थी उसे मैंने देखा और मै खुश हुआ कि हमारी गवर्नमेंट इस तरफ भी तवज्जह दे रही है । लेकिन जो १४ बरस तक की उम्र के लड़के रिफारमेटरी में जाते है और १६ से २१ तक बोर्स्टल जेलों मे जाते है उनके लिए कोई खास अच्छा इन्तिजाम हमारे देश में नही है । आप डाक्टर तो मुकर्रर करते है लेकिन उस डाक्टर के पास औजार नही हैं, दवायें नही है । अभी आपके पास वे इंस्टीट्यूशन नही है जहां कैदियो को ठीक तरह रखा जा सके । अभी आपके पास उनके काम सीखने के लिए वर्कशाप कहां हैं । अगर आप इन कैदियों को किसी प्रोबेशन आफिसर के सुपुर्द कर देंगे तो अगर लडकी हुई तो स्कैंडल होगा और अगर मर्द हुआ तो वह उस आफिसर का गुलाम हो जाये और हर तरह का करप्शन होगा । और जो आप पुलिस के करप्शन के बारे में सुनते है वह उसके आगे कुछ नहीं होगा । उस आफिसर के हाथ में उसकी आजादी होगी और वह उसके साथ चाहे जो कर सकेगा । इससे करप्शन बहुत बढ़ेगा और जुर्म भी बढ़ेंगे । इसका इलाज तो तभी हो सकता है जबकि इन कैदियों को ऐसे इंस्टीट्यशन्स में ले जाया जाये जहां जाना उनके लिए मुफीद हो । लेकिन अगर वगैर इस इन्तिजाम के आप इन लोगों

को किसी आफिसर के सुपुर्द कर देंगे तो यह सिस्टम इतना खराब हो जायेगा और आपको इतनी परेशानी हो जायेगी कि जिसका ठिकाना नहीं । इसलिए मेरी अदब से गुजारिश है कि हलके हलके चला जाये । मैं चाहता हूं कि एडमोनीशन के अन्दर फर्स्ट आफेंस की बात नहीं होनी चाहिए । आपने इसके अन्दर बहुत से जुर्म रख दिये हैं । जब यह बिल ज्वायंट कमेटी के सामने जायेगा तो वह यह तै करेगी कि किस किस्म के मुकदमात में एडमोनीशन दिया जा सकता है । दो बरस से कम की सजा के तो बहुत से जरायम हैं । मैंने इंडियन पीनल कोड की ५११ दफायें देखीं, उनमें से १५० ऐसे जुर्म है जिनमें दो साल से कम सजायें होती हैं । उन सब में आप एडमोनीशन करना चाहते हैं ।

इस सिलसिले में एक और बात, जो कि सबसे जरूरी है, मैं बाद में शायद भूल जाऊं, इसलिए अभी कह देना चाहता हूं । पहले दफ़ा ३७९, ३८०, ३८१, ४०३ और ४२० के मातहत आने वाले पाच जरायम के लिए और उन केसिज़ में, जहां दो बरस से कम की सजा हो, दफ़ा ५६२ के मातहत एडमोनीशन हो सकती थी । लेकिन अब आप ने क्या किया है ? आपने उस मे दफा ३८१ को तो शामिल किया है, दो बरस वाली शर्त भी शामिल की है और उन के साथ ही यह लिख दिया है कि एनी अदर ला । यह लफ़्ज़ दफ़ा ५६२ में नही थे । इसका मतलब यह है कि किसी भी ला में चाहे जो कुछ लिखा हो, उस पर इस ला को प्रिसिपडेंस होगी, जो कि हम पास करने जा रहे हैं । इस सिलसिले में बाकी जितने भी स्पेशल लाज़ है, जो भी कानून हैं, वे सब ओरो हैं । दुनिया के और लाज़ कुछ ही हों, लेकिन इस के मुताबिक उन सब जुर्मों में प्राबेशन हो सकती है, जिन में डैथ या इम्प्रिज़नमेंट न हो । इस बिल के स्कोप को इतना लम्बा चौड़ा न करना मोस्ट इन्जुडिशियस है । कल नेवी बिल आ रहा है । एयर बिल आ रहा है । उस में म्यूटिनी, अफ़सरों पर हमला करना वगैरह जो जरायम हैं, वे सब इस में आ जायेंगे । उन बिलों के वे प्राविज़न म्युटेटरी हो जायेंगे । क्या आप चाहते हैं कि रेप और राबरी के केसिज़ में प्राबेशन हो जाय ? क्या आप चाहते है कि जिन को गिल्टी पाया जाय, वह फ़ौरन छूट जाये ? मैंने इस सिलसिले में एक फेहरिस्त बनाई है, लेकिन अब मैं उस को पेश करना ग़ैर जरूरी समझता हूं, क्योंकि यह मामला सिलेक्ट कमेटी में जा रहा है । उस में ऐसे ऐसे जरायम है, जिन में कोई भी सेंन आदमी एडमोनीशन नहीं देगा । लेकिन हम जानते हैं कि कोर्टस् सेंन भी होती हैं और इनसेंन भी । भरूचा साहब ने इस तरफ़ ज़रा जब तवज्जह दिलाई, तो कई लोग हंसने लगे और श्री साधन गुप्त तो नाराज़ भी हो गए । उन्होंने कहा कि कई कोर्टस जब देखती है कि केस लम्बा हो जायगा, लम्बे लम्बे बयान दर्ज करने होंगे, तो वे कम्प्रोमाइज करने के लिए कहती हैं । हम भी पहले कोर्टस मे फ़ैसले करवाया करते थे । मैजिस्ट्रेट से कहा जाता था कि थोड़ी सज़ा दे दीजिए, हम कनफ़ेस कर लेते हैं । जो लोग प्रैक्टिस करते हैं, वे जानते हैं कि कनफेशन कैसे लिए जाते हैं । इस में कोर्टस का कोई सवाल नहीं है तो ह्यूमैन नेचर है । अगर संगीन जुर्मों में भी सज़ा नहीं मिलेगी, तो लोग उनका पूरा बदला लेंगे । और जो बदला लेकर जुर्म करेंगे, वे भी इस एडमोनीशन का फ़ायदा उठायेंगे । इस तरह जरायम बढ़ेंगे, घटेंगे नही ।

मैं ने इस तरह का केस देखा है । एक पंद्रह बरस का लड़का, जो देखने में निहायत खूबसूरत था, सेशन कोर्ट में पेश हुआ । एक शख्स ने उस की बहिन के साथ ज़िना किया था । उस लड़के ने उस को कत्ल कर दिया । सेशन कोर्ट के सामने उस लड़के ने इकबाल किया । सेशन जज ने कहा कि क्या करें, या काला पानी है, या फासी है, मैं और कुछ नहीं कर सकता हूं । उस ने यही किया और लोकल गवर्नमेंट को इसलाह के लिये लिख दिया कि उस की सज़ा कम कर दी जाय । सज़ा कम कर दी गई ऐसे केसिज़ बहुत मिलेंगे ।

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

श्री साधन गुप्त ने जो मिसाल दी, उस पर मुझे बड़ी हैरानी हुई । उन्होंने बताया कि रूस में अठारह बरस की एक लड़की ने आउट आफ जेलसी अपने खाविन्द को मार दिया । वह कहते है कि उस मे प्रोबेशन या एडमोनिशन काफ़ी था । मै पूछना चाहता हूं कि वह ऐसे केसिज में प्रोबेशन से फ़ायदा उठाना चाहते हैं । मैं यह गुजारिश करना चाहता हूं कि जिस किस्म के केसिज का उन्होंने ज़िक्र किया है, उन के लिए दफ़ा ४०१ है । हमारी गवर्नमेंट और प्रैज़िडेंट को डिवाइन राइट है कि अगर कोई बेगुनाह आदमी सजा पा जाए, तो उस को सैट राइट किया जा सकता है ।

एक मौके पर हमारे प्रेज़िडेंट ने मेरे रिप्रेज़ेन्टेशन पर एक आदमी को, जिस को फांसी का हुक्म हुआ था, छोड दिया, कतई बरी कर दिया । तहकीकात करने पर मालूम हुआ कि उस के सगे भाई ने कत्ल किया था । बारह गांवों की पंचायत कराई गई, जिस ने फ़ैसला किया कि वह बेगुनाह था ।

मुझे एक और केस का भी जरूर ज़िक्र करना चाहिए । आनरेबल मिनिस्टर साहब सामने बैठे हैं इन की मेहरबानी से एक शख्स की फांसी की सज़ा कम कर के काला पानी कर दिया गया । उस ने फ़िलवाकया कत्ल नही किया था । मै कातिल को जानता था । मेरे रिप्रेज़ेन्टेशन पर उस को काला पानी कर दिया गया । मै ने माना कि और सर्कमस्टांसिज़ की वजह से वह उस का मुस्तहक भी था ।

मै यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि दफ़ा ४०१ इस वजह से बनाई गई है कि यह एग्ज़ेक्यूटिव का डिवाइन राइट है कि वह सही तरीके से इन्साफ़ करे, जहां कोर्ट फ़ेल हो जाय । जिन केसिज़ का उन्होंने ज़िक्र किया है, वे उस के नीचे आयेंगे । लेकिन रीयली गिल्टी को—हमारा प्रेमिसिस यह है कि रीयली गिल्टी है—संगीन जुर्मों में, जैसे दफ़ा ३५४, ३७६ वगैरह हैं, इस में इन्क्लूड करेंगे, तो सारे देश में कोहराम मच जायगा । यह मोस्ट रेवोल्यूशनरी बिल है । इसे आप को नही पास करना चाहिए, जब तक कि आप जेनेरल पापुलेस से राय न ले लें । मैं खुश हूंगा कि इस मौके पर शिड्यूल्ज़ रख दिये जायेंगे कि उन जरायम में, सज़ा ख्वाह दो बरस हो, ख्वाह ज्यादा हो, न एडमानिशन होना चाहिए और न प्रोबेशन होना चाहिए ।

इस के अलावा आप ने एक नई तरह का रूल पास किया है, जो कि सिवाय यू० पी० के सारे कंट्री में नही था और यू० पी० में डाइलइयूटिड फ़ार्म मे था । उसूलन वह दुरुस्त हो या गलत हो, लेकिन मै तवज्जह दिलाना चाहता हू कि संगीन जुर्म कौन करता है । अठारह से इक्कीस साल तक, या ज्यादातर पच्चीस साल तक के लोग जुर्म करते हैं । इस उम्र मे लोगों में बहुत पेशन होता है, लहू गर्म होता है । इसी उम्र में फ़ोर्म के सैक्सुअल क्राइम्ज़ ज्यादा होते हैं । आप ने इक्कीस बरस से नीचे के लोगों को चार्टर दे दिया है कि पहला जुर्म हो, तो वह इस का फ़ायदा उठा सकते है । जब तक कोर्ट के ऊपर बर्डन है—कोर्ट कहां से एविडेंस लायगी—जब तक कोर्ट सर्टिफ़ाई न करे कि नाट डिज़ायरेबल टु प्रोसीड अंडर बिल, उस वक्त तक कोर्ट मजबूर है, उस का इन्टलेक्ट बंधा हुआ है और वह तीन बार दफ़ा का फ़ायदा जरूर देवे । इससे ज्यादा गलत लैजिस्लेशन और कोई नहीं होगा । अगर आप कंट्री की पीस और सिक्योरिटी को एनडेंजर करना चाहते हैं, तो इससे बर्स कानून आप नहीं बना सकते । बारह, पंद्रह परसेंट ऐसे आदमी हैं, जो इस उम्र मे ऐसे क्राइम करते हैं । इस का नतीजा क्या होगा ? अगर वह छूट जायगा, तो वह जिस मुहल्ले, जिस शहर में रहेगा, वहां के सारे लोग फ़ाइट में रहेंगे । अब

प्राबेट आफ़िसर उस को कहीं जंगल में अकेला उसको मिल जावेगा, तो वह दो मिनट में उसे भी ठीक कर देगा ।

Shri Datar: Say "probation officers", not probate officers.

Pandit Thakur Das Bhargava: I am sorry. In fact, it would have been better if we use the words "probate officers" instead of probation officers. Probate officers are ineffectual. They do certain things in respect of wills. These probation officers will be much more effectual and dangerous. मैं इस मेरी गलती की तरफ तवज्जह दिलाने के लिए आपका मशकूर हूं ।

मैं निहायत अदब से अर्ज करना चाहता हूं कि इस का नतीजा यह होगा कि हर एक नौजवान आदमी यह समझेगा कि पहली दफ़ा जुर्म करने पर कोर्ट कुछ नहीं कर सकती है । क्या आनरेबल मिनिस्टर साहब को मालूम है कि ऐसे इलाके उन की जूरिसडिक्शन में हैं, जहां पर आफ़ेन्डर्ज एब्सकांडर्ज हो जाते हैं । जहां पचास रुपए के वास्ते किसी आदमी की जान ले लेना एक गैर-मामूली चीज़ नहीं है । मैं अर्ज करना चाहता हूं कि सन् १९५२-५४ में हिन्दुस्तान में जरायम कम हुए । हम खुश थे कि हमारी गवर्नमेंट के वक्त यह भला काम हुआ । लेकिन १९५५-५६ में जरायम की तादाद पहले से ज्यादा बढ़ गई है । जब कालिज के लड़कों को यह पता लगेगा कि अगर उस्ताद को पीटें या प्रिंसिपल को दो थप्पड़ मारेंगे, तो पहली दफ़ा छूट जायेंगे । तब देखिएगा कि क्या हालत होती है और डिसिप्लिन का क्या हाल रहता है । हम अखबारों में पढ़ते हैं कि पाकिस्तान में नौजवान लड़कियां बाजारों में नहीं चल सकती हैं । वही हालत यहां भी पैदा हो जायगी । हर एक नौजवान यह सोचेगा कि पहली दफ़ा तो कुछ नहीं होगा, देखेंगे कि अगली दफ़ा क्या होता है । ऐसे हालत में इस तरह का कोर्ट ढांचा देना अक्लमन्दी की बात नहीं है ।

मेरे सामने यह १९३६ का यू० पी० ला है । जब यह पास किया गया, तो वे भी किसी कद्र तेजी से चले । मैं और किसी ला को नहीं जानता । दुनिया के लाज़ का मुझे पता नहीं है, जो कि इससे आगे बढ़े हों । अगर इस किस्म की चीज आप रखते, तो शायद इस के मुकाबले में हाउस में आप को ज्यादा स्पोर्ट मिलती ।

I am quoting from section 4 of the U.P. Act:

> "Provided also that if a person under 21 years of age, is convicted of any offence under the Indian Penal Code or any of the enactments prescribed in this behalf, under rules made by the provincial Government, which is punishable with imprisonment not exceeding six months, the court shall take action under this section unless for special reasons to be recorded in writing it is not considered proper so to do."

मैं अर्ज करूंगा कि यह प्राविजन जो मैं ने कोट किया मुझे मुनासिब जंचता है और इसको बर्त करके देखा जाय । चन्द जरायम ऐसे हैं जिनके कि बारे में मैं यह जरूर अर्ज करूंगा कि उन जरायम के अन्दर हरगिज हरगिज यह प्रोबेशन नहीं होना चाहिए और न यह ऐडमोनीशन होना चाहिए ।

इस बिल में एक नई चीज मिनिस्ट्री ने की है । "ऐनी अदर ला", स्पेशल लाज आप लाते हैं, उनको आर्डिनेरी लाज में नहीं लेते । जब आप देखते है कि जहा पर कुनैन थी वहां पर चाक है और आटे के अन्दर खराबी और घी और दूसरी खाद्य चीजों में मिलावट है तो उसको डील करने के लिए आप स्पेशल फुड ऐक्ट बनाते हैं और यह ठीक बात है भी । आप ला के अन्दर यह प्राविजन रख देते हैं कि दूसरी दफ़ा जुर्म होगा तो दो वर्ष से कम सजा नही होगी, पहली दफ़ा इतने से कम नहीं होगी । आप अलग से नैवी बिल और आर्मी

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

बिल लाते हैं क्योंकि जाहिर है कि वहां की कंडिशंस डिफेंट हैं और हलकी सजा का किसी पर असर नहीं होगा । आप अनटचेबिलिटी आदि इविल्स के खिलाफ़ स्पेशल क़ानून बनाते हैं । आप इस बिल में जो यह कहते हैं कि चाहे दूसरा कोई भी क़ानून हो और कुछ भी लिखा क्यों न हो, वह सब इस बिल के मातहत होगा । अगर सब इस बिल के मातहत होंगे तो जितने आपके ऐयरमेन सोल्जर्स और नैवी के जवान लोग हैं और २१ वर्ष की उम्र के नीचे हैं वे सब के सब झगड़ा और गड़बड़ करेंगे और आप देखेंगे कि आप ऐसा इसमें प्रोवाइड करके उन स्पेशल लाज पर पानी फेर देंगे । मैं यह सब देखने पर इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि यू० पी० का वाइज डिसिशन है और उस लेजिस्लेशन को हमें बर्त करके देखना चाहिए ।

इस बिल की दफ़ा ७ जब मैं ने पढ़ी तो उसी वक्त मैंने यह फ़ैसला कर लिया था कि मैं उसकी बाबत ज़रूर बोलूगा । दफ़ा ७ को आप बिलकुल कर्टेल कर दीजिये । पहले शैडयूल बनाइये और फिर यह रखिये कि खास खास जरायम में और स्पेशल लाज में यह मौजूदा लेजिस्लेशन उसी हद तक आपरेटिव होगा जहां तक कि देश के अन्दर गड़बड़ी और खराबी न फैलने पाये । अगर ऐसा न किया गया तो काफ़ी गड़बड़ी फैलने का इमकान है और ठीक से हम इंतज़ाम क़ायम नही रख सकेंगे ।

मैं जानता हूं कि आजकल जेलों की कैसी बुरी हालत है । जिस गरज से हम ने जेलें बनाई थी और जो जेल रिफ़ार्म्स किये थे और जेलों का इंतज़ाम ठीक से चले और वे सही मानों में रिफ़ार्म हाउसेज साबित हों उसके लिए बीसियों कान्फ्रेंसेज भी की लेकिन मुझे अफ़सोस के साथ यह कहना पड़ता है कि हमारी मशा पूरी नहीं हो पायी है और आज भी जेलों के अन्दर बहुत कमियां हैं और उनमें काफ़ी हद तक सुधार किये जाने की जरूरत है । जेलों के अन्दर आज भी इतनी खराबियां मौजूद हैं कि लोग अक्सर यह कहते सुने जाते हैं कि अगर एक नया लड़का जेल में पहली दफ़ा जाय तो वह वहां से एक खराब शहरी बन कर निकलता है और वह क्रिमिनल बन जाता है । अब जेल जिसको कि यह कहा जाता है कि "इट इज ए टेम्पुल आफ़ करैक्शन" और जेलों को करैक्शन हाउसेज का नाम दिया जाता है लेकिन प्रैक्टिस में हम दूसरी बात देख रहे हैं और मालूम ऐसा होता है कि शायद गवर्नमेंट की भी यह फीलिंग है कि जेलें उनके हाथ से निकलती जाती हैं । फ़ीरोज़पुर जेल का वाक़या अनप्रीसीडेंटेड है । और जो कुछ वहां पर हुआ वह अभी तक पहले कभी सुनने में नहीं आया था । वहां पर बन्द कैदियों को इस क़दर मारा पीटा गया और घायल किया गया जिसकी कि मिसाल मिलना मुश्किल है और यहां पहले सेंट्रल गवर्नमेंट के एक मिनिस्टर ने जो एक आला मियार क़ायम किया था कि मद्रास में रेल का पुल टूट जाने पर उन्होंने इस्तीफ़ा दे दिया था उसकी जगह पर हमने देखा कि हमारी गवर्नमेंट ने सिर्फ यह कह कर खत्म कर दिया हां फ़ीरोज़पुर की जेल में जो कुछ हुआ उसमें जेल अधिकारियों का कुसूर है । जेलो में जो जराय होते हैं वे इसी वजह से होते हैं कि तमाम आबोहवा खराब है वरना यह जरायम मुमकिन नही है और मेरी राय में उन जरायम के लिए गवर्नमेंट की उतनी ही ज़िम्मेदारी है जितनी कि और किसी की । गवर्नमेंट इसको नहीं मानती और इससे इंकार करना ग़लती करना है ।

सन् १९२९ में हिसाब फैला कर देखा गया था कि क़रीब २० करोड़ रुपया जेलों पर खर्च किया जाता था । हमारे पंजाब में जहां कि लोग इतने मेहनती और किफ़ायतशार हैं और जहां के लोग दौलत पैदा करना भी जानते ह, वहां पर ४०लाख रुपया हम अपनी जेलों पर खर्च करते हैं । हालांकि एक

क़ैदी पर ७००, ७०० रुपये तक खर्च होते हैं लेकिन तब भी जेलों का इंतज़ाम ठीक नहीं है और जो हालत जेलों के अन्दर होनी चाहिए वो वह देखने को नहीं मिलती है। जेलों की अभी तक सही मानों में करैक्शन हाउसेज में तबदील नहीं किया जा सका है और उस काम में हमें अभी पूरी कामयाबी नहीं मिली है। अब चंकि उस तरह से हमें कामयाबी नहीं मिल पायी है इसलिए वह सिस्टम तो हम छोड़ दें और इस प्रोबेशन के नये सिस्टम को हम बरतें, मेरे खयाल में ऐसा करना हमारी ग़लती होगी। या तो आप कहिये कि हमारी सब जेलें फेल हो गई हैं और इस प्रोबेशन के सिस्टम को हम ट्राई करना चाहते हैं वरना सही चीज यह होगी कि जो सिस्टम हमने अपनाया है और जिसने डिविडेंड्स दिये हैं उसको हमें छोड़ना नहीं चाहिये।

कल यहां पर हमारे एक भाई ने ज़िक्र किया था कि उत्तर प्रदेश में कनविक्ट्स और एक्स कनविक्ट्स की जो कान्फ्रेंस हुई थी उसमें उन्होंने पहली चीज यह रखी थी कि जेल का क्लासिफ़िकेशन ठीक रखा जाय। जेल रिफ़ार्म्स कमेटी के अन्दर भी सही क्लासिफ़िकेशन की मांग की गई और वहां पर भी इस बात की शिकायत की गई कि क़ैदियों को कैटिल्स के मुआफ़िक़ रखा जाता है। हर एक जेल कमेटी की रिपोर्ट में यह बात दर्ज रहती है कि माकूल इंतज़ाम नहीं हो रहा है। आज ही एक साहब ने बतलाया कि जेलों के आपके इंतज़ाम की हालत यह है कि सरदी के मौसम में आप जेलों में सब कैदियों को कम्बल नहीं दे सकते। आज पंजाब के अन्दर हिन्दी मूवमेंट जो चल रहा है उसमें क़रीब ६, ७ हज़ार आदमी क़ैद हैं और आप अन्दाज़ा लगा सकते हैं कि जेलों के अन्दर बदइंतज़ामी देखते हुए उनकी कैसी हालत होगी। मैं अदब से पूछना चाहता हूं कि जेलों की बाबत जो रिपोर्ट सन् १९४९ में शाया की गई थी और उसके अन्दर जो बात लिखी थीं उनके ऊपर कहां तक अमल किया गया है? मुझे पता नहीं कि कब तक आप जेलों की हालत को सुधार सकेंगे।

हमने एक सिफ़ारिश यह की थी कि किसी शख्स को एक महीने की सज़ा न दी जाय क्यों कि हमने जेलों में जाकर देखा कि सात, सात दिन की सज़ा लोगों को दी हुई है। उनके खाने पर १०, २० रुपया खर्च होगा और सात दिन की सज़ा देकर वहां पर लोगों को भेज कर एक तमाशा बनाया हुआ है। मैं समझता हूं कि किसी को जेल की सज़ा कम से कम तीन महीने की देनी चाहिए, तीन महीने से कम की जेल की सज़ा नहीं देनी चाहिए। आपको यह देखना चाहिए कि आप उसको ऐसी सज़ा न दें जो आपके मक़सद को डिफ़ीट कर दे। आज हज़ारों आदमी इसी तरह जेलों में पड़े हुए हैं और लाखों रुपया बेकार में खर्च हो रहा है और कोई उसकी पर्वाह नहीं करता। गवर्नमेंट की तवज्जह इस तरफ़ होनी चाहिए और इस चीज को देखना चाहिए कि जेल वाक़ई सुधार गृह साबित हों। आज जुवैनाइल औफेंडर्स की हालत हम देखते हैं कि कैसी खराब है। ऐसे नन्हे नन्हे बच्चे जिनके कि पास गुज़ारे का कोई साधन नहीं, न ही उन के मां बाप कुछ छोड़ गये, इनहैरिटेंस के अन्दर उनको कुछ नहीं मिला, उनके लिये रिफ़ार्मेटरी होम्स् नहीं हैं और लाखों बच्चे इधर उधर मारे मारे फिरते हैं।

यह सात से बारह वर्ष के बच्चों का जो ज़िक्र आया है तो मैं बतलाना चाहता हूं कि १२ वर्ष का बच्चा सफिशिएंटली इंटेलिजेंट है और वह जान सकता है कि जुर्म की नौअय्यत क्या है और १२ वर्ष का बच्चा कानून की रू से ज़िम्मेदार है। मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि एक दफा मैं बदकिस्मती से एक बिल इस सदन में लाया था कि ऐसे बच्चे जो छोटी उम्र के हैं उनकी मैरिजेबुल ऐज लड़कियों के केस में १४ से १५ और लड़कों की १८ से बढ़ा कर २० वर्ष कर देनी

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

चाहिये तो उस मौके पर एक गवर्नमेंट आफ इंडिया के एक रिसपौंसिबिल मिनिस्टर ने मुझे कहा था कि आप कहते क्या हैं । १७ वर्ष के लड़के को तो हम नेवी में रेक्रूट करते हैं और १८ वर्ष का बच्चा अपनी जायदाद को बेच सकता है और उस उम्र का अपनी शादी कर सकता है । मेरा कहना है कि ऐसे बच्चे जो फुल्ली डीवेलप्ड हैं और डेलिबरेशंस में सीरियस क्राइम्स करते हैं, उनके साथ ऐसी सीरियस क्राइम्स में इस तरीके की रिआयत करना और सोसाइटी पर छोड़ना कहां की अकलमंदी होगी । मैं अदब से अर्ज करूंगा कि सोसाइटी इसको कभी बर्दाश्त नहीं करेगी । ऐसा करने से ऐसे खराब नतायज पैदा होंगे जिनका कि आज हमको शुबहा और गुमान नहीं है । मुझे इसमें एक नया उसूल लगता है और वह यह है कि किसी शख्स को अगर छोड़ा जाये, उन हालात में जिन हालात का कि इसमें जिक्र है, तब उसके बाद उसके ऊपर एक सुपरवाइजर हो जिसे कि मैं गलती से प्रोबेट कहता रहा हूं । वह क्या करता है । जहां तक उम्र का ताल्लुक है, उसके बारे में तीन चीज कही गई हैं । पहले तो २४ बरस के नीचे का हवाला दिया गया है । उसके बारे में कहा गया है कि अगर आप चाहें तो उसको मेंटली मैच्योर समझें और उस पर सुपरवाइजर कायम कर दें । इसके आगे जब २५ बरस का हो तब उसके बारे में दूसरी तरह प्रोवाइड किया गया है । कम से कम १८ बरस में वह बालिग होता है फिर उसके बाद २१ में होता है । अगर आप गार्डियन ही मुकर्रर करना चाहते हैं तो यहां पर २५ साल की उम्र रख दें, उसके आगे नहीं । लेकिन इस बिल के अन्दर उम्र का कोई लिहाज नहीं रखा गया है । अगर कोई ६० बरस का भी हो तब भी वह सुपरविजन में रहेगा । यह ह्यूमन नेचर के खिलाफ है । सुपरविजन का आर्डर आज के हालात में अच्छा नहीं होगा । लेकिन अगर आप तजुर्बा ही करना चाहते हैं तो आप २४ बरस से आगे न बढ़ें और दो बरस की लिमिट रखें । बड़ी उम्र या ज्यादा देर के लिये सुपरविजन की बात को जो आपने रखा है, वह तो उसको स्लेव बनाने के बराबर है ।

मैं ने चन्द एक बातें अर्ज की हैं । मैं समझता हूं कि मैं ने कुछ ज्यादा वक्त ले लिया है और जो आपने मुझे यह ज्यादा वक्त दिया है, उसके लिये मैं आपका धन्यवाद करता हूं । मैं मिनिस्टर साहब से अर्ज करूंगा कि वह मेहरबानी करके इसको अगले सैशन तक के लिये मुलतवी कर दें और इन तीन महीनों के दौरान में वह हाई कोर्ट के जजों, सुप्रीम कोर्ट के जजों, बार एसोसिएशंस तथा दूसरे अच्छे अच्छे आदमियों की ओपिनियन इनवाइट करें । इस बिल को पास करने में हमें जल्दबाजी से काम नहीं लेना चाहिये । इससे बाद में झगड़े पैदा होंगे और दिक्कत पेश आयेगी । जब आपके पास ओपिनियंस आ जायें तो उसके बाद आप इस बिल को सिलैक्ट कमेटी के पास भेज दें । सिलैक्ट कमेटी में जिन लोगों की गवाहियां लेनी जरूरी समझी जायें उन की गवाहियां ली जा सकती हैं और सिलैक्ट कमेटी को आप इस बिल पर पूरी तरह से गौर करने का मौका दें । हम इस बिल के जरिये से रेवोल्यूशनरी चेंज लाने जा रहे हैं और जब तक हम उस रैवोल्यूशनरी चेंज के बारे में पूरी तरह से बाखबर न हों, तब तक हमें इसको पास नहीं करना चाहिये । हमें देर की परवाह नहीं करनी चाहिये बल्कि यह देखना चाहिये बाद में गड़बड़ पैदा न हो । दो तीन महीने बाद अगर हमने इस बिल को पास किया तो इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है । इससे हमारे एसेंशियल इंटिरेस्ट को कोई धक्का नहीं लगेगा ।

मुझे कुछ और अर्ज करना नहीं है ।

श्री ब्रजराज सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, मैंने पंडित ठाकुर दास भार्गव का भाषण बड़े गौर के साथ सुना है और मैं समझता हूं कि उनकी जो आशंकायें है वे बिल्कुल निराधार हैं । मैं तो समझता हूं कि इस बिल के पीछे जो उद्देश्य है वह निहायत ही उम्दा हैं और उसकी सराहना की जानी चाहिए । मैं समझता हूं कि हमारे माननीय मित्र भार्गव जी ने जो कुछ कहा है उसको बहुत बढ़ा चढ़ा कर कहा है । इस विषय में जो कुछ प्रयत्न भी सरकार ने १९३८ से अब तक किए हैं उनमें जिन आशंकाओं की तरफ माननीय भार्गव जी ने इस सदन का ध्यान दिलाया है वे आशंकायें, मेरे विचार में कतई सच्ची साबित नही हुई हैं । यह कहना कि आज डकैतिया पड़ रहीं है, बच्चे उठाये जा रहे हैं, इस समय मध्य प्रदेश में यह हो रहा है, वहां पर बच्चों को उठा कर ले जाया जा रहा है, राजस्थान में उठा कर ले जाया जा रहा है, मैं समझता हूं उससे इस बिल का कोई सम्बन्ध नही है । हमारे समाज में कुछ विषमतायें है, कुछ नाबराबरी है, कुछ इस तरह का हमारी समाज का ढाचा है, कि इन जुर्मों की तरफ लोगो का ध्यान जाता है । मैं समझता हूं कि ऐसे जुर्मों में जिन में मृत्युदंड होने वाला नही है या आजीवन कारावास होन वाला नही है, अपराधियों को प्रोबेशन पर छोड देने से समाज की कोई हानि नही होने वाली है ।

उत्तर प्रदेश में हमने देखा है कि अपराधियों को प्रोबेशन पर छोडने का प्रयोग किया गया है और सफलता भी वहा पर प्राप्त हुई है । वहा पर खुली जेलें भी बनाई गई हैं । यह सरकार की रिपोर्ट है कि इन खुली जेलों में ३७ अपराधियों को छोड़ कर और कोई आदमी वहा से नही भागे और इन ३७ में से भी ज्यादातर बाद में पकड़ लिए गए हैं । इसके विपरीत हमारी जेलों की क्या हालत है इस ओर मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं । मैं चाहता हूं कि लोगों को अनिश्चित काल तक के लिए जेलों में बन्द न रखा जाए । पिछले दिनों सोशलिस्ट सत्याग्रह में मैंने देखा है कि आगरा की जेल में ऐसे ऐसे कैदियों को आज भी बन्द रखा हुआ है जो कि सन् १९४२ से पहले कैद किए गए थे । १९४२ के जमाने में इस सरकार के बहुत से मिनिस्टर आगरा में मौजूद थे । उस समय उनको लोग कहते थे कि उन्हें जल्दी ही छोड़ दिया जाएगा । आज उनको कैद में पडे २५ और ३० साल हो गए है । उनकी बात पूछने वाला आज कोई नहीं है । ऐसी सूरत में उनको रिहा करने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता है । जेल पर लोगों को रखकर हम उनके साथ कैसा व्यवहार करते हैं .....

पंडित ठाकुर दास भार्गव : इसके बारे में तो यह बिल नहीं है ।

श्री ब्रजराज सिंह : इस बात को मैं मानता हूं लेकिन मैं तो जेलों में जो व्यवस्था है उसके सम्बन्ध में माननीय मन्त्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं । मैं यह बता रहा था कि २५–२५ और ३०–३० साल से लोग जेल में पड़े हुए हैं और अनेकों प्रकार के संकट झेल रहे है । मैं चाहता हू कि उधर भी हमारा ध्यान जाए ।

जिन चीजों की इस बिल में व्यवस्था है उनसे मैं समझता हूं कि समाज को कोई विशेष नुकसान नही होने वाला है । हो सकता है कि कोई मैजिस्ट्रेट जजमेंट देने में कोई गलती कर जाए, लेकिन उसको दुरुस्त करने का अधिकार भी उसको इस बिल में है । इस बिल की दफा ३ और ४ में कहा गया है कि अगर कोई गलती होती है और प्रोबेशनरी आफिसर को अपराधी का निरीक्षण करने का हक़ देते हैं तो बाद में भी उस अपराधी को सजा दी जा सकती है । अगर किसी को दो साल के लिए या तीन साल के लिए प्रोबेशन पर छोड़ दिया जाता है और उसको सजा नही दी जाती है और इस दौरान में अगर अपराधी का चाल-चलन, उसका चरित्र

[श्री बजराज सिंह]

ठीक नहीं रहता है, उसका आचरण ठीक नहीं रहता है तो इस बिल में यह व्यवस्था है कि मैजिस्ट्रेट उसको पूरी सजा दे सकता है। किसी प्रकार की आशंकाऐं अपने दिल में रखना ठीक नहीं है। आखिर हम इस बिल में क्या करने जा रहे हैं? इस बिल में हम अपराधी को यह मौका देने जा रहे हैं कि अपने आप को वह सुधारे और अच्छा नागरिक बने। जब हम किसी अपराधी को सजा दे देते हैं। तो उसका बाद में क्या नतीजा निकलता है। जैसा भार्गव साहब ने कहा कि जेल में कैजुअल्स और हैबिचुअल आफेंडर्स को अलग अलग रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। वहां पर जब एक अपराधी एक बार जाता है तो वह वहा से नई नई बातें सीख कर वापिस लौटता है। किस तरह से जेबें काटी जाती हैं तथा किस तरह से घरों में चोरी की जाती है इत्यादि से सब बातें वह वहा से सीख कर लौटता है। आजकल की जो जेलें हैं उनमें हम अपराधी की मनोवृत्ति को बदलने का प्रयत्न नहीं करते। इसके विपरीत वह और भी अधिक अपराध करने लग जाता है और वह जुर्म करने का आदी बन जाता है। ऐसी सूरत में समाज को ऊंचा उठाने के लिए तथा उसका विकास करने के लिए जिन उद्देश्यों की हम पूर्ति करना चाहते हैं, वह सम्भव नहीं है।

मैं बड़े विनम्र शब्दों में निवेदन करना चाहता हूं कि जिस शक्ल में यह बिल इस सदन के सामने आया है उसको देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता कि इसको यदि पास कर दिया गया तो समाज को बहुत हानि होगी। आज के प्रगतिशील जमाने में जब कि हम अपराध करने वाले की मनोवृत्ति को ही खत्म करना चाहते हैं, जब कि हम उस को इस दृष्टिकोण से देखना चाहते हैं कि वह अपराध क्यों करता है, यह मुनासिब बात होगी कि हम उसे प्रोबेशन पर छोड़ कर उसे अपने आपको सुधारने का मौका दें। अगर वह अपने आपको सुधारता नहीं है तो उसे फिर जेल भेजे जाने की व्यवस्था की गई है। आज माननीय मंत्री जी ने कहा कि वह इस कानून को ज्वायंट कमेटी के सुपुर्द करने को राजी है और देश में जो लोग इस विषय में दिलचस्पी रखते हैं, चाहे वे बार एसोसिएशन वाले हों, चाहे हाई कोर्ट के जज हों या दूसरे लोग हों वे अपनी राय जाहिर कर सकते हैं। मैं समझता हूं कि उस कमेटी में इस बिल को इम्प्रूव किया जायगा और इसका वहां पर विकास किया जाएगा और वहां से इससे भी अच्छा होकर यह बिल हमारे सामने आएगा। लेकिन साथ ही साथ में यह भी निवेदन कर देना चाहता हूं कि इस चीज को बहुत अधिक टालना अच्छा नहीं होगा। आज जो समस्याये हमारे सामने उपस्थित हैं उनको हम टाल नहीं सकते हैं। उनका हमें सामना करना ही होगा। लोगों को ऊंचा उठाने का, उनकी मनोवृत्ति को बदलने का प्रयास आज हमें अवश्य करना होगा। आज के वैज्ञानिक युग में, आज के एटमिक युग में किसी अपराधी को दस साल तक जेल में रख कर, उस पर नाना प्रकार के अत्याचार करके हम यह आशा नहीं कर सकते कि हमारा समाज आगे बढ़ेगा। मैं प्रार्थना करता हूं कि इस बिल को अगले सैशन में अवश्य ही पास कर दिया जाए। जो आशकायें भरूचा साहब ने तथा भार्गव साहब ने प्रकट की हैं, उनके बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि हो सकता है कि वे सही निकलें लेकिन हम जो सोचते हैं वह दूसरे ही दृष्टिकोण से सोचते हैं। जल्दी से जल्दी इस बिल को पास किया जाना चाहिए और लोगों को इस बात को देखने का मौका मिलना चाहिए कि हम अपराधी को लम्बी लम्बी सजायें न देकर उसको प्रोबेशन पर छोड़ कर उसे अपने आपको सुधारने का मौका देना चाहते हैं। हमें महात्मा गांधी के इन शब्दों को भी याद रखना चाहिए कि अगर कोई एक गाल पर एक चांटा मारता है तो उसके आगे दूसरी गाल कर दी जानी चाहिये और उसे कहना चाहिये कि वह इस पर भी

चांटा मार दे । हम डकैतियों को बढ़ावा देना नहीं चाहते, हम चोरियों को बढ़ावा देना नहीं चाहते, हम कत्ल ज्यादा हों, इसमें विश्वास नहीं करते । जहां तक कत्ल का ताल्लुक है, उसके लिए दूसरी तरह की सजा है और वह इस बिल के अन्तर्गत नहीं आते । मृत्युदंड इस बिल के अन्दर नहीं आता । इसलिए यह कहना कि इस कानून के कारण डकैतियां और कत्ल बढ जायेंगे, गलत होगा । हमारा उसूल यह है कि हम अपराधी को क्षमादान देकर सुधारना चाहते हैं । इसके साथ ही इस बिल में यह व्यवस्था भी है कि अगर किसी को प्रोबेशन पर छोड़ा गया है और वह फिर भी गलती करता है तो हम उसको जेल भेज सकते हैं । मैं समझता हूं कि यह ऐसा तजर्बा है जो कि इस देश के लिए नया नहीं है । उत्तर प्रदेश में सरकार ने ऐसा प्रयोग करके सफलता प्राप्त की है और लोगों को छोडने से कोई क्राइम के फिगर बढ गये हों ऐसी बात नहीं हुई ।

तो मैं बड़े विनम्र शब्दों में कहूंगा कि यह बिल ज्वायंट कमेटी के सामने जाये और इस पर मुल्क की राय भी मालूम की जाये लेकिन इसको ज्यादा टालने की कोशिश न की जाये । इसी के साथ हमको समाज के ढांचे को बदल कर उन कारणों को भी दूर करना चाहिए जिनके कारण ऐसे काम करने को लोग प्रवृत्त होते हैं । आजकल मध्य प्रदेश में, राजस्थान में और उत्तर प्रदेश में जो डकैतिया बढ रही हैं और जुर्म बढ़ रहे हैं अगर उनके मूल का देखा जाये तो आपको सामाजिक विषमता मिलेगी । अगर गृह मंत्रालय इस सामाजिक विषमता को दूर करने पर भी ध्यान दे तो अपराध बहुत कम हो सकते हैं । इस बिल के पास करने से हिन्दुस्तान को कोई खतरा होने वाला नहीं है जिसकी तरफ कुछ माननीय सदस्यों ने ध्यान खींचने का प्रयत्न किया है ।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का स्वागत करता हूं और आशा करता हूं कि गृह मंत्रालय इसे जल्दी से जल्दी सदन द्वारा पास कराने का प्रयत्न करेगा ।

Shri Barman (Cooch Behar—Reserved—Sch. Castes): I wholeheartedly support the proposal made by some of the Members that this Bill go to the Select Committee and the Select Committee consider whether the Bill can be improved in any respect.

Mr. Deputy-Speaker: Now that it is expected that that motion might be accepted, I hope the Member would be very brief.

Shri Barman: Yes, I shall be brief. I shall just make a few general observations.

The general principle of this Bill is acceptable to most of the Members, and I also support it. It is a common saying in our parts—I do not know if it is so elsewhere—that when you cut one ear of a man as a sort of punishment for an offence committed by him, he avoids the public view, tries to hide his injured ear and to show the undamaged one, but when both the ears cut, then he walks right through the crowd because afterwards he has no shame to hide.

Mr. Deputy-Speaker: The symmetry is there then.

Shri Barman: So, this principle of not punishing the first offender is a salutary one. We know from our own experiences that the human mind sometimes works in a heavenly way and sometimes in a hellish way, and it is only those who have learnt to control their minds that behave properly in society, but there are slips in the lives of persons if we consider it deeply. But once a man is caught, he is punished. If he is not caught, he may commit several

[Shri Barman]

offences and still escape. If he commits offences but still does not injure society to such an extent as to become a menace to society, there is no harm in making a simple provision of the kind made in the Bill that in the case of first offences of a mild nature, the offender shall be let off. Only in cases of graver offences or when it is not the first offence he may be punished. Even in the latter case, the Bill provides that the Magistrate, considering all the other circumstances, may let him off on probation.

Formerly also this was provided in section 562 of the Criminal Procedure Code, but there was no other provision to take care of the person who is let off on probation, to see how he behaves later on. The term is fixed for which he has to furnish security or bond for good behaviour, and whether the man understands his mistake and reforms himself quickly or not, he has to undergo the period till it ends. Now, provision is made in this Bill that if the officer reports that considering the subsequent mode of life of the person let off on probation it is no longer necessary to stick to the period, he may be exonerated from the surety or bond, and there is thus an incentive to the person concerned to mend his way of life very quickly and not to undergo the full period provided now under section 562 of the Criminal Procedure Code So, that is a good improvement.

There are also several other provisions included in the Bill which go to improve the present section 562 of the Criminal Procedure Code very much. However, I wish to draw the attention of Government to only one point, that is whether we can give wide powers to all magistrates.

Formely, in the case of probation, in the case of the second or third class magistrate, his opinion had to be submitted to a first class magistrate and his decision obtained. Here we give power to all kinds of magistrates only providing for an appeal, but it is not to be expected that in any and every case an appeal will be made. Knowing as I do our magistracy, in the case of the second and third class magistrates at least I think it would be necessary for the High Courts to issue certain general instructions to them for administering the law under clauses 3 and 4. If they had some general direction, the second and third class magistrates will administer the law in a much improved way. I do not find that in the rule-making power any such thing is contemplated. I hope the Select Committee will consider the matter.

As you have observed, since the Bill is going to the Select Committee, I do not wish to make any more observations, and after Pandit Thakur Das Bhargava's speech I wholeheartedly support the principles of the Bill and hope that the Select Committee will make whatever improvements are necessary.

14.00 hrs.

Shri N. R. Munisamy: Since the points that arise in connection with this Bill have already been elaborated by my hon. friend Pandit Thakur Das Bhargava, I would not like to repeat them

So far as the principle of the Bill is concerned, at the outset, I am inclined to state that I am not in favour of it, for this reason, namely that we have got already several Acts on our statute-book, which are very exhaustive in nature, and we can certainly safeguard the interests of the young offenders without perpetuating further offences, with the aid of those Acts. For instance, section 562 of the Code of Criminal Procedure is wide enough to give discretion to the court to release the convicted person on probation. Therefore, I say, that there is no need to have an Act of this kind on our statute-book.

The other reason that I would like to place before you is this. Several States are already having Acts of their own, somewhat on the model of this Bill, and there is, therefore, no need to have a Central Act.

The Minister has not convinced the House of the necessity for this Bill, nor has he enumerated the inconveniences or other experiences which Government had felt while releasing the prisoners on probation. Though the principle of this Bill was in the contemplation of the Government of India for a very long time, yet they were unable to bring forward a consolidated Bill of the nature which has been introduced now. So, I hope that even at this stage, Government can consider the question of not merely not referring this Bill to a Joint Committee, but even of withdrawing it.

Now, coming to the provisions of the Bill, I find that the powers given to the probation officers are unlimited. Even before passing an order, while taking the evidence of the other witnesses, the magistrate has to call for the report from the probation officer, and on the basis of that report, the magistrate can either release the offender or convict him. Such wide powers have been given to the probation officer who has not seen the accused or the young offender. It is too much to expect of him that he should give a report when he has not seen the accused even. He has to take some extra trouble to search for the character-roll, and look into his past conduct, the antecedents of the family to which he belongs, and so on. So, I doubt whether these officers would ever be able to give genuine reports.

Even as it is, these probation officers are not able to discharge their duties very faithfully. So, I suggest that such wide powers need not be given to them.

My next point is this. There are very few offences which young boys commit. Most of the young offenders are destitutes, and they commit only common offences under sections 379 and 380 of the Penal Code, such as committing theft in a house or pilfering something from the pocket of another person, or even indulging in the sale of stolen properties. Sometimes, they are taken as accomplices for the sale of certain stolen properties. There are very few grave offences which these young boys commit.

If these young boys are convicted and released on probation, and then sent again to their homes, what will happen is that they would once again meet with the same environment and the same situation in the house, and they would be prone to get out of the house by making similar mistakes and committing similar offences.

So, I would suggest for the consideration of the Joint Committee that instead of sending them back to their own homes, it is better that they are sent to probation hostels. The probation officer may be the warden of the probation hostel, and he can associate others also, that is, people who had rendered social service, to supervise over these young boys in the hostel. If the hostel is a big one, they can also get into that hostel persons who are released from reformatory schools and other such schools.

Similarly, there are certain persons who work after they are released, but when they go to their respective homes, they are not entertained there. It is better that those people also are clubbed along with the others in the probation hostel. As I said earlier, persons who are released from reformatory schools can also be taken into the probation hostels, where they can still get some shelter and get themselves corrected. Similarly, persons who are released from the Borstal schools, and below 21 years of age can live in these hostels, and they might probably earn also some money. Instead of having separate after-care houses for them, if they are housed in the probation hostels, they can get their aptitudes and propensities towards criminal activities very much curtailed.

So, I would suggest that probation hostels are very essential, somewhat

[Shri N. R. Munisamy]

on the model of what exists in U.K. and other countries. In U.K., for instance, there are working hostels for boys and gilrs separately.

So far as the States in India are concerned, I find that in some of the States, there are some after-care houses, where not only young boys are taken in to be taken care of by the officer in charge, but even ex-convicts and confirmed convicts who are released are sent for after-care. It is quite possible that in such after-care houses, these confirmed convicts may influence these young boys to perpetuate their old offences, or they might give them wrong tuition that they need not obey certain rules. Such a thing is possible, because these prisoners who have been convicted and released are there to influence these boys. I do not think that it is right to have these ex-convicts in these after-care houses along with the young boys.

For instance, in Madras, we know that social service activities are being carried on in this manner at certain places, so as to include not only the young boys but also ex-convicts who have gone to jail more than once. So, it is better that these young boys are sent to separate hostels so that they may not be influenced badly by the ex-convicts.

It is very necessary that these young offenders, who are mostly destitutes, as I said earlier, are sent to probation hostels instead of their own homes, where they may not be satisfied with the environment, and they may, therefore, come out and commit once again the same offences, such as pilfering something from the pockets of others, and thereby go to jail once again. When these boys come out of the house, they are picked up by the other offenders. If they are sent to the probation hostels, then they can get good correctives there.

Lastly, I would like to submit that the powers given to the probation officers may not be so unlimited as they are. The report of the probation officer should be of a recommendatory nature, because before the offender is sent to the probation hostel, the probation officer does not come into the picture at all. But, according to the provision in clause 4, the report of the probation officer has to be taken into account, before the offender is convicted. My submission is that the probation officer comes into the picture only after the young offender is convicted and released on probation, and it is only then that he begins to have his sway over him and exercise supervision over him and correct him. Before that, how can we expect the probation officer to have a complete picture of the young offenders, and further, to give a report on their antecedents, character etc.?

So, my respectful submission is that this particular provision may be suitably amended, so that the magistrates need not call for the report of the probation officer who has no *locus standi* at the initial stage, when it is only a question of shifting of evidence and then convicting the person; it is for the magistrate to judge at that stage, as he ordinarily does in regard to ordinary offences, with the aid of police reports. Since the probation officer has no position at all at that stage, there is no reason why his report should be called for. So, his powers may be curtailed, and the necessary amendment may be made in the Bill.

With these few words, I commend the Bill for the consideration of the House.

श्री सरजू पांडे (रसड़ा): उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस विधेयक का अनुमोदन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। मैं चाहता था कि यह कानून इसी सदन में पास हो जाता, लेकिन माननीय मंत्री ने इस के सिलेक्ट कमेटी में भेजने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

उपाध्यक्ष महोदय: स्वीकार करने का इरादा किया है। स्वीकार तो अभी करेंगे।

श्री सरजू पांडे : इस को सिलेक्ट कमेटी में भेज देने से काफ़ी देर हो जायेगी। कांग्रेस आन्दोलन के सिलसिले में जितने लोग जेलों में रहे हैं, वे लोग और काफ़ी बड़ी संख्या में दंड शास्त्री इस बारे में एकमत हैं कि अपराधों की बुनियाद समाज में ही होती है।

